RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

गणपति बाप्पा मोरया


# हमारा महानगर

गणपति बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या
अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 34 ■ अंक 41 ■ मुंबई, शनिवार 6 सितंबर 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : रु 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



# सरकार ने खोला भानुमती का पिटारा : मंत्री छगन भुजबल

## हैदराबाद गजेटियर लागू करने पर बोले मंत्री और ओबीसी नेता

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल ने कहा कि राज्य सरकार ने मनोज जरांगे की मांग मानकर हैदराबाद गजेटियर लागू करने का फैसला लिया है, जिससे नई समस्याएं खड़ी होंगी। सरकार ने भानुमती का पिटारा खोल दिया है। भुजबल के अनुसार नए सरकारी आदेश में 'पात्र' शब्द हटाकर मराठा समाज को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने का रास्ता आसान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम दबाव में उठाया गया और इससे



ओबीसी कोटे पर असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ओबीसी आरक्षण से छेड़छाड़ हुई तो समुदाय बड़ा आंदोलन करेगा। भुजबल ने आशंका जताई कि आगे जाट, पटेल जैसे अन्य समुदाय भी आरक्षण की मांग करेंगे और ओबीसी कोटा खतरे में पड़ सकता है। वरिष्ठ नेता ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर मराठों को समायोजित करने के लिए उनके मौजूदा आरक्षण में कोई खलल डालने की कोशिश की गई, तो ओबीसी समुदाय के सदस्य बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कुछ गलत हो रहा है तो मैं चुप नहीं रह सकता।

### मराठा समुदाय पहले ही आरक्षण का हकदार था: जरांगे

इधर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि मराठा समुदाय 1881 से ही आरक्षण का हकदार था, लेकिन इस समुदाय ने पहले यह मांग नहीं की, क्योंकि यह एक प्रगतिशील समूह था, किंतु अब उसे अपनी पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए आरक्षण की जरूरत है। छत्रपति संभाजी नगर के एक अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत में जरांगे ने यह बात कही। मुंबई में पांच दिवसीय भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने महाराष्ट्र के मंत्री और प्रमुख ओबीसी नेता छगन भुजबल पर अपने समूह के अन्य लोगों को आगे नहीं बढ़ने देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय 1881 से ही आरक्षण का पात्र है (हैदराबाद गजट का हवाला देते हुए)। हमारे पूर्वज प्रगतिशील थे, इसलिए उन्होंने इसका लाभ नहीं उठाया। लेकिन हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना होगा।

## भारी बारिश से 29 जिलों में खेती को नुकसान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 15 से 20 अगस्त के बीच हुई भारी बारिश से 29 जिलों के 191 तालुका में फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। 654 से अधिक राजस्व मंडलों में खरीफ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे के अनुसार राज्य में कुल 14 लाख 36 हजार 276 हेक्टेयर (लगभग 35 लाख 90 हजार 609 एकड़) क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इनमें से 12 जिले ऐसे हैं, जहां 10 हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र प्रभावित है। सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में नांदेड़ हैं, जहां 6.20 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसल को नुकसान पहुंचा, जबकि वाशिम और यवतमाल में अलग-अलग 4 लाख हेक्टेयर, धाराशिव में 1.50 लाख हेक्टेयर, बुलढाणा में 89,782 हेक्टेयर, सोलापुर में 47,266 हेक्टेयर, अकोला में 43,828 हेक्टेयर और हिंगोली में 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर फसलों को नुकसान हुआ है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को अविस्मरणीय बनाएगा कौशल विकास विभाग

## 75 हजार युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण : लोढ़ा

**मुंबई।** आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है। इस दिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए कौशल विभाग रोजगार सेवा पखवाड़ा मना रहा है। राज्य के करीब 75 हज़ार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस बीच 1 अक्टूबर को राज्य के 419 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में पाठ्यक्रम शुरू किए जाएँगे। शुक्रवार को राज्य के कौशल विकास, रोजगार उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने यह जानकारी दी। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विजन के साथ, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार प्रदान करने के लिए



स्थानीय लोगों की मांग के अनुसार हर जिले में विभिन्न योजनाओं को लागू कर रहा है। इसमें राज्य में आईटीआई में वैश्विक रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले अत्याधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब अत्याधुनिक अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। लोढ़ा ने कहा कि इसके पीछे मुख्य उद्देश्य कौशल विकास के माध्यम से युवक और युवतियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

### कम दरों पर अत्याधुनिक पाठ्यक्रम

हालांकि, कई लोगों को समय की कमी या अन्य कारणों से नियमित कार्यशालाओं में जाने और प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर नहीं मिलता है, ऐसे इच्छुक युवक और युवतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हर जिले में अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि राज्य के आईटीआई संस्थानों में वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों के साथ-साथ, युवक-युवतियों को रोबोटिक्स, सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास पर अत्याधुनिक पाठ्यक्रम अत्यंत कम दरों पर उपलब्ध कराए जाएँगे। चूँकि स्थानीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों में रोज़गार के लिए आवश्यक ज्ञान और प्रशिक्षण उसी ज़िले में उपलब्ध कराया जाएगा।

# चीनी वायरस से संक्रमित है राऊत : नवनाथ बन

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका पर महायुति का ही झंडा फहराएगा। उबाठा (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के सांसद संजय राउत में राहुल गांधी की तरह चीनी वायरस घुस गया है। इस वायरस का बेहतरीन इलाज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जड़ी-बूटी देकर कर रहे हैं, यही वजह है कि राऊत ने पहली बार फडणवीस की तारीफ की है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख नवनाथ बन ने यह बात कही। बन ने यह चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर राऊत द्वारा अभद्र भाषा में की जाने वाली आलोचना को हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। बन ने कहा कि भाजपा, संजय राउत के ही भाषा में जवाब दे सकती है लेकिन भाजपा का यह संस्कार नहीं हैं। संजय राउत के मनपा चुनाव में महापौर उबाठा गुट का ही होगा, इस बयान के जवाब में बन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आम मराठी और आम जनता ने एमवीए को नकार दिया है बाकि जो बचा है वो मनपा चुनाव में साफ कर देगी। मुंबई महानगरपालिका पर भाजपा महायुती का ही झंडा फहरेगा। नवनाथ बन ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि मराठी लोग विस्थापित न हों, बल्कि उन्हें उनकी अपनी जगह पर स्थापित किया जाए।

# बाप्पा की विदाई भी गड्ढे में होने को मजबूर



**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने गणपति विसर्जन पूर्व सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की भले ही बात कही हो, बावजूद इसके आज गणपति बाप्पा की विदाई कई जगहों पर गड्ढे के मार्ग से करने पर नागरिक मजबूर होंगे। मुंबई की सड़कों पर अभी भी 596 गड्ढे पड़े है। सड़क पर गड्ढे पड़े होने की जानकारी मनपा की वेबसाइट पर ही दिखाई दे रही है जिस पर नागरिकों ने सड़कों पर बने गड्ढे की शिकायत करते हैं। सड़कों पर बने गड्ढे की शिकायत नहीं करने वालों की संख्या और अधिक है। मनपा की वेबसाइट पर गड्ढे को लेकर इस मानसून में वेबसाइट शुरू होने के बाद कुल 13497 गड्ढे की शिकायत मिली, जिसमें से मनपा ने अब तक 12901 गड्ढे भरे हैं। जबकि 596 गड्ढे बने पड़े हैं। मनपा का कहना है कि गड्ढे को भरने की कार्रवाई शुरू है। मनपा की जानकारी अनुसार पिछले पांच दिनों में 464 शिकायत आई है। गड्ढे की शिकायत सबसे अधिक एस वार्ड भांडुप से है। इस वार्ड में 2200 से अधिक गड्ढे होने की शिकायत होने की जानकारी सामने आई, जिसमें 2102 गड्ढों को भरा जा चुका है। बकाया 189 गड्ढों को भरने की कार्रवाई शुरू है इस तरह की जानकारी मनपा ने दी। मुंबई में मनपा की सड़कों को छोड़कर अन्य विभाग की सड़कों पर भी 1013 गड्ढे होने की शिकायत मिली है। इन गड्ढों को भरे जानकारी मनपा के पास नहीं है।

### योगेश कदम ने किया गिरगांव चौपाटी का दौरा



आज शनिवार को अनंत चतुर्दशी के दिन मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र के गणपति बाप्पा की विदाई होने वाली है। मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर भारी संख्या में गणपति बाप्पा का विसर्जन किया जाता है, जिसे लेकर चौपाटी पर आने वाले लोगों की भारी भीड़ होती है। इसी को लेकर विसर्जन के पूर्व संध्या शुक्रवार को गृह राज्य मंत्री (शहर) योगेश कदम ने गिरगांव चौपाटी का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान कदम ने गणेश विसर्जन के लिए आने वाले गणेश भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। कदम ने बताया कि गणेश विसर्जन को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं इसमें एआई तकनीक पर आधारित फेस रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। चौपाटी और उसके आस-पास 1094 पुलिसकर्मी और 1000 से ज्यादा रिजर्व पुलिस बल तैनात रहेंगे।

# किनारा होटल के मृतकों के परिजनों को मनपा ने दिया 50 लाख का मुआवजा

**मुंबई।** कुर्ला स्थित होटल सिटी किनारा में लगी आग में मारे गए आठ पीड़ितों के परिजनों को बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के लगभग तीन महीने बाद शुक्रवार को मनपा ने 50-50 लाख रुपए का मुआवजा चेक सौंपा। कुर्ला किनारा होटल में 2015 में आग लगी थी, जिसमें आठ स्कूली छात्रों की मौत हुई थी। कुर्ला किनारा होटल में लगी आग में आठ स्कूली बच्चों की जान जाने के बाद मनपा पर काफी टीका टिप्पणी हुई थी। मनपा की लापरवाही के चलते आठ स्कूली बच्चों की मौत के बाद पूरे कुर्ला परिसर में मातम पसरा था। मनपा के खिलाफ मुंबई हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। मुंबई हाईकोर्ट ने मृत हुए बच्चों के परिजनों को 50 लाख की सहायता राशि देने का निर्देश तीन महीने पहले दिया था। शुक्रवार को मामले में याचिकाकर्ता रहे प्रत्येक परिवार को 45 लाख रुपए का चेक दिया गया, जिसमें 10% टीडीएस के रूप में काटा गया। किनारा होटल में आग से मृत हुए छात्रों में पांच इंजीनियरिंग के और दो मास मीडिया के छात्र थे, जबकि आठवां डिज़ाइन इंजीनियर था। इन परिवारों के लिए यह फैसला एक दशक की लंबी पीड़ा के बाद आया। 3 सितंबर को जारी चेक कुर्ला वार्ड कार्यालय में आठ में से छह परिवारों को सौंपे गए। शेष दो पीड़ितों के परिवार जो याचिकाकर्ता थे अब जीवित नहीं हैं। मनपा ने कहा कि सही उत्तराधिकारी की पहचान होने के बाद उन्हें भी मुआवजा दिया जाएगा। सायन प्रतीक्षा नगर निवासी रेखा थापर, छात्र आकाश थापर की मां, मामले में याचिकाकर्ता थीं। उन्होंने कहा, "कोई भी धनराशि आज मेरे बेटे के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती।

# EC ने मनपा चुनाव तैयारी को लेकर लिया जायजा

**मुंबई।** मुंबई महानगर पालिका चुनाव को लेकर चल रही मनपा प्रशासन की तैयारियों का जायजा शुक्रवार को राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने लिया। वाघमारे ने मनपा मुख्यालय में बैठक कर मनपा द्वारा चल रही तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे के साथ हुई बैठक में मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी, राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकाणी, कोकण विभागीय आयुक्त विजय सूर्यवंशी, मुंबई शहर के जिलाधिकारी आंचल सूद गोयल, मुंबई उपनगर जिलाधिकारी सौरभ कटियार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। विशेष कार्य अधिकारी (चुनाव) विजय बालमवार ने मनपा द्वारा चल रही चुनाव पूर्व सभी जानकारियां दी। बैठक में कुल मतदाता संख्या और मतदान केंद्र, मतदाता सूची



विभाजन, प्रस्तावित मतदान केंद्रों का वर्गीकरण, आवश्यक मतदान मशीनें, मशीनों की भंडारण व्यवस्था, चुनाव साहित्य, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाएं और चुनाव संचालन के लिए आवश्यक अधिकारी-कर्मचारी जैसे विषयों पर समीक्षा की गई। राज्य चुनाव आयुक्त वाघमारे ने कहा कि मनपा प्रशासन ने चुनाव के लिए की गई पूर्व तैयारी संतोष व्यक्त किया।

**488 आपत्तियां प्राप्त**

मनपा द्वारा 227 वार्डो के बाउंड्री को लेकर की गई प्रभाग रचना पर कुल 488 आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई 10, 11 और 12 सितंबर 2025 को यशवंतराव चव्हाण केंद्र, जनरल जगन्नाथराव भोसले मार्ग, मंत्रालय के सामने, मुंबई में सुबह 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक की जाएगी। महाराष्ट्र शासन के नगर विकास विभाग ने मुंबई मनपा चुनाव के लिए विभिन्न चरण निर्धारित किए हैं। इसी क्रम में 22 अगस्त 2025 को प्रारूप प्रभागों की भौगोलिक सीमा से संबंधित अधिसूचना जारी की गई थी। इस पर आपत्तियां और सुझाव दर्ज कराने की अंतिम तिथि 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025, दोपहर 3 बजे तक तय की गई थी। इस अवधि में कुल 488 आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए। इन आपत्तियों और सुझावों की सुनवाई महाराष्ट्र शासन द्वारा नियुक्त अधिकृत अधिकारी करेंगे। इसके लिए आपत्ति और सुझाव दर्ज कराने वाले व्यक्तियों से अपेक्षा की गई है कि वे नियत दिनांक को समय पर उपस्थित रहें।

# कोस्टल रोड पर दौड़ेगी अब दूसरी बेस्ट बस

### श्यामा प्रसाद चौक से ओशिवारा तक दौड़ेगी वातानुकूलित बस

**मुंबई।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक म्यूजियम और ओशिवरा डिपो के बीच कोस्टल रोड पर दूसरी बस दौड़ेगी। इसके पहले कोस्टल रोड पर वर्ली तक पहली बस दौड़ रही है। कोस्टल रोड पर दौड़ने वाली दूसरी बस बस क्रमांक ए 84 है। यह बस श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक से सीधे ओशिवारा तक दौड़ेगी। कोस्टल रोड पर यात्रियों को चढ़ने और उतरने के लिए चार जगहों पर बस स्टॉप बनाया गया है। बेस्ट उपक्रम के बेड़े में धीरे-धीरे नई एसी बसों को शामिल किया जा रहा है। नई एसी बस का मार्ग डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक (म्यूजियम), अहिल्याबाई होळकर चौक (चर्चगेट स्टेशन), कोस्टल रोड, वरळी सी फेस, वरळी डिपो, बाबासाहेब वरळीकर चौक, महापौर निवास (शिवाजी पार्क), माहिम, खार स्टेशन रोड (प), सांताक्रुज़ डिपो, विलेपार्ले, अंधेरी स्टेशन (प), ओशिवरा पुल और ओशिवरा डिपो तक रहेगा। कोस्टल रोड पर अतिरिक्त बस स्टॉप पारशी जनरल अस्पताल, महालक्ष्मी मंदिर, नेहरू तारांगण और वरळी डेयरी होंगे।

# राकांपा का चिंतन शिविर नागपुर में

## वरिष्ठ नेता, मंत्री, पूर्व-वर्तमान विधायक लेंगे भाग

## पार्टी को कोने-कोने में पहुंचाने की बनेगी रणनीति

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राकांपा अजित पवार गुट का चिंतन शिविर 19 सितंबर को नागपुर में आयोजित किया गया है। शुक्रवार को इस बात की जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने दी। शिविर में पार्टी के वरिष्ठ नेता, मंत्री, पूर्व एवं वर्तमान विधायक और सांसद, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, सभी जिलाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नेता शामिल होंगे। तटकरे ने कहा कि चिंतन शिविर में युवाओं की बदलती आकांक्षाओं के प्रश्न, समाज के विभिन्न घटकों की अपेक्षाएं, तकनीक और समाज की भूमिका, युवाओं की जीवनशैली और दृष्टिकोण जैसे विषयों पर नए सिरे से रणनीति बनाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही महाराष्ट्र के कोने-कोने में हर घर तक पार्टी की विचारधारा, नीतियां और योजनाएं पहुंचाने के विषय पर भी विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य एक मूल्याधारित लेकिन आधुनिक आवश्यकताओं का उत्तर देने वाली भविष्य की राष्ट्रवादी कांग्रेस का निर्माण करना है। यह केवल एक शिविर नहीं बल्कि महाराष्ट्र और देश के राजनीतिक भविष्य को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस की राजनीतिक यात्रा में ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि चिंतन शिविर में जो राज्यव्यापी नीति तय की जाएगी, उसके बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में विस्तृत चर्चा प्रस्तुत कर आगामी रणनीति की शुरुआत कब होगी, इसकी घोषणा उचित समय पर की जाएगी। इस पत्रकार परिषद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष विधायक शिवाजीराव गर्जे, प्रदेश प्रवक्ता संजय तटकरे, मुंबई कार्याध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले तथा प्रदेश महासचिव लतीफ तांबोळी उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई ने 100 आदर्श शिक्षकों को किया सम्मानित

**मुंबई।** शिक्षक दिवस के अवसर पर अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई और अथर्व फाउंडेशन द्वारा मालाड (पश्चिम) स्थित अथर्व शैक्षणिक परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुंबई क्षेत्र के 100 शिक्षकों को "आदर्श शिक्षक पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और




विद्यार्थियों के जीवन पर डाले गए, सकारात्मक प्रभाव के लिए प्रदान किया गया।

अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई के संस्थापक एवं कुलपति सुनील राणे ने अपने संबोधन में कहा, "शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि वे चरित्र निर्माण और समाज की दिशा तय करने का कार्य भी करते हैं। यह सम्मान उनके समर्पण का प्रतीक है।" सम्मान समारोह में प्रत्येक शिक्षक को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। सम्मानित शिक्षकों ने इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन आगे भी समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते रहेंगे और शिक्षकों को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।




मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र के संयोजन में सामाजिक संस्था अभियान ने पिछले दिनों बारह स्थानों पर सावन महोत्सव व स्त्री शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया था। शुक्रवार को संस्था की स्मर्णिका लोक चेतना का विमोचन मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष अमित साटम व महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्यमंत्री आशीष शेलार के हाथों हुआ। मिश्र के अलावा योगेश सागर, अतुल भातखलकर, मनीषा चौधरी, पराग अलवाणीआदि विधायकों के साथ पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## आज बारिश का अलर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में मौसम विभाग ने शुक्रवार सुबह आठ बजे से अगले 24 घंटों के लिए मुंबई शहर और उपनगरों में बादल छाए रहने और मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) के अनुसार, मुंबई में शुक्रवार सुबह आठ बजे तक 24 घंटों में 6.75 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 7.39 मिमी और 15.32 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर में इस मौसम की सबसे तेज बारिश 19 अगस्त को हुई थी, जब मुंबई में महज 11 घंटों में 200 मिमी से अधिक बारिश हुई थी. उसके बाद से शहर में बारिश की तीव्रता धीरे-धीरे कम हुई है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था।

# मार्बल व्यापारियों में जीएसटी स्लैब को लेकर अभी भी नाराजगी : गजेंद्र भंडारी

**मुंबई।** ऑल महाराष्ट्र मार्बल एंड स्टोन डीलर एसोसिएशन के सचिव गजेंद्र भंडारी ने वित्तमंत्री को पत्र लिखकर मार्बल, ग्रेनाइट और टाइल्स पर लगने वाले 18% जीएसटी को 5% करने के लिए बहुत बार पत्र व्यवहार किया, लेकिन वित्तमंत्री ने इनके ब्लॉक को तो 12% से 5% किया, लेकिन मार्बल, ग्रेनाइट और टाइल्स के फिनिश माल पर जीएसटी 18% ही रखा है। गजेंद्र भंडारी ने बताया कि देश में करीब 5000 से ज्यादा MSME यूनिट और एक करोड़ से ज्यादा रोजगार उपलब्ध करवाने वाली इंडस्ट्री हैं और सालाना करीब 65,000 करोड़ का रेवन्यू जेनेरेट करते हैं। मार्बल, ग्रेनाइट और टाइल्स हर घर की जरूरत है और जिस तरह से शिक्षा, चिकित्सा व अन्य मूलभूत जरूरत हैं वैसे ही रहने के लिये घर सबसे ज्यादा जरूरी है। पीएम ने स्वयं प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की है, लेकिन कोई भी आवास मार्बल, ग्रेनाइट, टाइल्स के बिना पूरा नहीं हो सकता। ऑल महाराष्ट्र स्टोन डीलर एसोसिएशन के सेक्रेटरी गजेंद्र भंडारी ने एक बार फिर पीएम और वित्तमंत्री से निवेदन किया है कि आम आदमी के जरूरत की चीजों को जीएसटी में राहत देना चाहिए था। देश का आम नागरिक टीवी, फ्रिज, कार के बिना जीवन यापन कर सकता है लेकिन घर के बिना नहीं कर सकता है।

## श्री विश्वकर्मा महापूजा पर कुर्ला में कवि सम्मेलन

**मुंबई।** श्री विश्वकर्मा कल्याण मंडल मुंबई द्वारा सत्रह सितंबर 2025 को श्री विश्वकर्मा महापूजा पर हलाव पुल, मसरानी लेन कुर्ला पश्चिम मुंबई में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। महापूजा महोत्सव सुबह साढ़े दस बजे से रात आठ बजे तक चलेगा। शाम छः बजे से हास्य कवि सुरेश मिश्र के संचालन में शायर राम अभिलाष अवस्थी, डाक्टर राज बुंदेली, गीतकार रासबिहारी पांडेय, अवधी के कवि एड्. राजीव मिश्र, डाक्टर मृदुल तिवारी महक, सुश्री किरण तिवारी काव्यपाठ करेंगे। संस्था के अध्यक्ष राम सागर विश्वकर्मा व मंत्री डाक्टर ओमप्रकाश शर्मा ने आवाहन किया है कि उक्त अवसर पर स्वजातीय और सभी साहित्य रसिक उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण करें तथा कविताओं का आनंद लें। सत्य नारायण विश्वकर्मा, शत्रुघ्न शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, नवरंग शर्मा महोत्सव को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे हैं।

# गणेशोत्सव के दौरान धारावी में चूहों का आतंक

## स्थानीय लोग भगवान गणेश से भय दूर करने को कर रहे प्रार्थना

**मुंबई।** मुंबई और राज्य में गणेश चतुर्थी का उत्सव पूरे ज़ोरों पर है, वहीं धारावी के निवासी एक अनोखी चिंता का सामना कर रहे हैं। त्योहार से पहले भारी बारिश और कई अन्य कारणों से धारावी की भीड़-भाड़ वाली झुग्गियों में चूहों का आतंक बढ़ गया है। इस समस्या से निपटने के लिए, स्थानीय लोग राहत के लिए भगवान गणेश की शरण में जा रहे हैं।

धारावी में चूहों का आतंक कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस साल भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है, जिससे समस्या और भी बदतर हो गई है। त्योहार के दौरान जलभराव, मिठाइयों का अतिप्रवाह, पंडालों के लिए खोदे गए गड्ढे और फलों-फूलों का बढ़ता उपयोग चूहों की बढ़ती समस्या में योगदान दे रहे हैं। स्थानीय लोग भगवान गणेश से शीघ्र पुनर्विकास के लिए भी प्रार्थना कर रहे हैं ताकि इसके मूल कारणों - खराब स्वच्छता, बदबू, खुली नालियाँ और गड्ढों वाली सड़कें - का समाधान किया जा सके। धारावी के खंभदेव नगर स्थित जय बजरंगबली मित्र मंडल ने इस समस्या से निपटने के



लिए कदम उठाए हैं। मंडल के एक कार्यकर्ता रोहित परब ने बताया, ''इस साल चूहों की समस्या और भी गंभीर हो गई है। हमने ज्यादातर सार्वजनिक मंडलों को चूहे पकड़ने वाले डिब्बे उपलब्ध कराए हैं और उन्हें मंडपों के चारों ओर रख दिया है। खाने से भरे ये डिब्बों में चूहे फँस जाते हैं, जिन्हें फिर राजीव गांधी नगर की एक खाड़ी के पास सुरक्षित छोड़ दिया जाता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''चूँकि भगवान गणेश का वाहन चूहा है, इसलिए हमें विश्वास है कि बाप्पा हमें इस मुसीबत से बचाएँगे।'' जनता नगर चाल में रहने वाली 42 वर्षीय लव चालके ने कहा ''हमारी चाल के पास एक छोटा नाला बहता है और आस-पास का इलाका ज्यादा साफ़-सुथरा नहीं है, इसलिए चूहों की समस्या सालभर बनी रहती हैं। गणेश उत्सव के दौरान मिठाइयों, फलों और फूलों की सजावट की बढ़ती संख्या के साथ, यह समस्या और भी विकट हो जाती है।''। वार्ड संख्या 188 के पूर्व पार्षद, एडवोकेट अहमद शेख ने कहा खराब सफ़ाई, कूड़ेदानों और जमा पानी को मूल कारण बताया। ''धारावी में चूहे रात में ज्यादा सक्रिय होते हैं। इस साल, त्योहारों के मौसम में भारी बारिश ने स्थिति और खराब कर दी है। गणेश उत्सव और आगामी ईद के उत्सवी माहौल के बावजूद, अपर्याप्त नगरपालिका सुविधाओं ने चूहों के आतंक को और बढ़ा दिया है। धारावी का उचित पुनर्विकास बुनियादी सुविधाएँ प्रदान कर सकता है और इस समस्या से राहत दिला सकता है।''

मुकुंद नगर स्थित श्री साईंबाबा मित्र मंडल के कोषाध्यक्ष किशोर कुमार आनंद होंकेरी ने कहा, ''चाहे घर पर गणेश उत्सव हो या सार्वजनिक, चूहों की समस्या गंभीर है। हम बाप्पा के प्रसाद और सजावट की सुरक्षा के लिए सतर्क हैं, पंडालों और आसपास के क्षेत्रों को यथासंभव साफ़ रखते हैं।"

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत कार्य**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, वडोदरा द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : टीआर-सी-05-2025-पी, दि. 02.09.2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : वडोदरा मंडल के सामनी-जंबूसर अनुभाग के जीसी कार्य के संबंध में स्टेशन भवन, सेवा भवन, प्लेटफॉर्म, कवर शेड, परिसंचरण क्षेत्र, फूट ओवर ब्रिज/सबवे तथा स्टाफ क्वार्टर्स का विद्युतीकरण. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,92,60,610/-. **बोली सुरक्षा :** ₹ 2,46,300/-. **बोली की आरंभिक तिथि एवं समय :** 12.09.2025. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 26.09.2025 को 15.00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0567
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**एलएचबी**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2025-26/05, दिनांक : 30.08.2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : दरों की अनुसूची और कार्य के विस्तार के अनुसार नॉन-एसी एलएचबी कोचेस के ईडीटीएस-328 के अनुसार अंडरफ्रेम में एलएचबी कोचेस के 750 वोल्ट फीडर जंक्शन बॉक्स की स्ट्रिपिंग/रि-फिटिंग, मरम्मत, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 50,02,963.53. **ईएमडी :** ₹1,00,100/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 25.09.2025, 12.00 बजे तक. **निविदा का खुलना :** 25.09.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0569
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**पार्ट टाइम होम्योपैथिक सलाहकार की नियुक्ति**
**रोजगार सूचना क्र:** E/PB/R/Wel/2025/SBF/HPC/01 दिनांक: 03.09.2025
प्रत्यक्ष साक्षात्कार (Walk-in-Interview) के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के भाटापारा रेलवे औषधालय में 03 माह परीक्षण के आधार पर 01 पद अंशकालीन होम्योपैथिक सलाहकार की संविदा नियुक्ति हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार, की संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है। विवरण इस प्रकार है:

| पद का नाम | पदो की संख्या | मासिक मानदेय | दिनांक एवं साक्षात्कार का स्थान |
|---|---|---|---|
| होम्योपैथिक सलाहकार | 01 (एक) | रुपए 37,000/- प्रति माह | 25.09.2025 (गुरुवार) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, मंडल रेलवे चिकित्सालय, केन्द्रीय विधालय के पास, डब्ल्यु.आर.एस. कॉलोनी, रायपुर (छ.ग) - 492008 |

**टिप्पणी:** इस संबंध में अधिक जानकारी एवं निर्धारित प्रारूप द.पू.म.रेलवे की वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in → Recruitment / News / Press → Release Recruitment → Raipur से प्राप्त की जा सकती है। अथवा मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक रायपुर / मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कल्याण अनुभाग के मो. नं. 9752877608 / 7024213547 पर संपर्क करें।
**सहायक कार्मिक अधिकारी-II, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**
PR/R/SR.DPO/MS/156
South East Central Railway @secrail

RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

गणपति बाप्पा मोरया

# हमारा महानगर

गणपति बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या
अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं



https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 34 ■ अंक 41 ■ मुंबई, शनिवार 6 सितंबर 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



जीएसटी सुधार का वायदा पूरा
पेज-4



शिक्षक दिवस पर सीएम योगी ने प्रदेश के 81 अध्यापकों का किया सम्मान
पेज-6



अनंत चतुर्दशी पर विधि विधान के साथ गणपति का विसर्जन
पेज-8



यूपी टी-20 को फिक्स करने की कोशिश
पेज-9

# ढोल-ताशों की गूंज के बीच आज बाप्पा की विदाई

- 6,500 सार्वजनिक, 1.75 लाख घरेलू मूर्तियों का होगा विसर्जन
- महानगर में 21 हजार पुलिसकर्मी और 2,178 लाइफ गार्ड तैनात
- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, भीड़ संभालने के लिए प्रशासन सतर्क

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

आज अनंत चतुर्दशी पर गणपति बाप्पा की विदाई के लिए पुलिस और मनपा प्रशासन ने व्यापक तैयारियां कर ली है। मुंबई में लाखों श्रद्धालु गणपति बाप्पा को जयकारों और ढोल-ताशों के साथ विदा करेंगे। शहर में जगह-जगह पर विशाल शोभा यात्राओं की तैयारी हो रही है। मुंबई में करीब 6,500 सार्वजनिक गणेश मूर्तियां और 1.75 लाख घरेलू मूर्तियां समुद्र तटों, अन्य जल निकायों और 290 कृत्रिम तालाबों में विसर्जित की जाएंगी। विसर्जन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई में 21,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मनपा प्रशासन की तरफ से विसर्जन स्थलों पर 10 हजार से अधिक कर्मचारी और 2178 लाइफ गार्ड तैनात किए गए हैं। विसर्जन के दौरान लाखों की भीड़ सड़कों पर उमड़ने वाली है और इसी को देखते हुए सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक तक हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम**

मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि विसर्जन में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारी की गई है। विसर्जन के दिन 12 एडिशनल कमिश्नर, 40 डीसीपी, 3,000 पुलिस अधिकारी और 18,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 50 से ज्यादा ड्रोन विभिन्न विसर्जन पॉइंट पर भीड़ की निगरानी करेंगे। किसी भी स्थिति में तुरंत एक्शन प्लान लागू किया जा सके, इसके लिए 24×7 कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग होगी।

**यातायात का स्पेशल प्लान**

संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) अनिल कुंभारे के मुताबिक यातायात विभाग ने स्पेशल प्लान तैयार किया है। अनंत चतुर्दशी के दिन 4 डीसीपी, 8 एसीपी, 60 पीआई, 179 एपीआई/पीएसआई और 2,826 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। एमएसएफ के 275 जवान और अनिरुद्ध बापू की एनजीओ से 340 वॉलंटियर भी मदद करेंगे।




## अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर फिर खतरा मंडरा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी है कि शहर में 34 'मानव बम' लगाए जाने की धमकी दी है। इसके चलते पूरी मुंबई हाई अलर्ट पर है। खबर है कि लश्कर-ए-जिहादी नाम के संगठन के नाम से धमकी दी गई है। कॉल करने वाले ने दावा किया है कि 34 वाहनों में धमाके के लिए 34 मानव बम लगाए गए हैं, जिनके पास 400 किले RDX मौजूद है। धमकी दी गई है कि धमाकों से पूरा शहर हिल जाएगा।

## विसर्जन के लिए 290 कृत्रिम तालाब

इधर मनपा प्रशासन की तरफ से गणेश विसर्जन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। सार्वजनिक और घरेलू गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नागरिकों को 70 प्राकृतिक स्थल और लगभग 290 कृत्रिम तालाब उपलब्ध कराए गए हैं। मनपा उपायुक्त प्रशांत सपकाळे ने बताया कि मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के मार्गदर्शन में लगभग 10,000 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं और 245 नियंत्रण कक्ष निरंतर समन्वय कर रहे हैं। यातायात की भीड़ से बचने के लिए विसर्जन स्थलों पर 1,175 स्टील प्लेट लगाई गई हैं।



# 'ब्राह्मण' वाले बयान पर पीटर नवारो को भारत का करारा जवाब

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय (MEA) ने शुक्रवार को ट्रंप के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो के बयान पर कहा, 'पीटर नवारो का बयान हमने देखा है और हम ऐसे किसी भी वक्तव्य को नकारते हैं, नवारो के बयान भ्रामक और गलत है। अमेरिका और भारत, दोनों देशों के बीच जो रिश्ते हैं उसको आपसी समझ और म्यूच्यूअल एजेंडे के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।' विदेश मंत्रालय ने भारत के चीन और अमेरिका के साथ रिश्तों पर बयान दिया है। इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की भूमिका को लेकर भी जानकारी साझा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित किया। MEA के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत और चीन के संबंध को लेकर कहा कि अभी चीन में तियानजिन शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई है और हमने उसमें प्रेस के माध्यम से जानकारी दे दी है। वहीं, अमेरिका के साथ रिश्तों पर बोलते हुए जायसवाल ने कहा, 'अभी अमेरिका के अलास्का में भारत और अमेरिका का साझा युद्धाभ्यास हो रहा है और हम रणनीतिक तौर पर साथ हैं। इसके अलावा, व्यापार के मुद्दे पर भी अमेरिकी पक्ष के साथ हमारी बातचीत जारी है।' MEA के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की भूमिका पर कहा, 'रूस-यूक्रेन के बीच शांति बहाली के लिए भारत प्रयासरत है। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द दोनों देशों के बीच शांति स्थापित हो जाए।

## चीन संग रिश्तों पर MEA ने कही बड़ी बात



## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पछतावा

50 फीसदी टैरिफ के चलते भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में दरार आई है। भारत, चीन और रूस के बीच दोस्ती बढ़ने लगी है, जिसकी वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लगी है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने पोस्ट किया, ' 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो।"

## सूचना

अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर 'हमारा महानगर' कार्यालय में आज शनिवार दिनांक 6 सितंबर 2025 को अवकाश रहेगा, जिससे रविवार दिनांक 7 सितंबर 2025 का अंक प्रकाशित नहीं होगा। हमारी अगली मुलाकात अब सोमवार दिनांक 8 सितंबर 2025 को होगी। 'हमारा महानगर' परिवार की ओर से सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, समाचार वितरकों, विक्रेताओं और सभी शुभचिंतकों को अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं

– संपादक

# देश में पहली टेस्ला कार की डिलीवरी

- प्रताप सरनाईक बने टेस्ला के पहले ग्राहक
- परिवहन मंत्री ने पोते को उपहार में दी यह कार




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

टेस्ला ने शुक्रवार को भारत में डिलीवरी शुरू कर दी। कंपनी ने अपनी पहली कार राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को बेची है। सरनाईक ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में टेस्ला के नए खुले शोरूम से मॉडल 'वाई' की डिलीवरी ली। पत्रकारों से बातचीत में प्रताप सरनाईक ने बताया कि उन्होंने यह इलेक्ट्रिक कार अपने पोते को उपहार में दी है। उन्होंने कहा कि इस गाड़ी को खरीदना राज्य सरकार की पर्यावरण के अनुकूल परिवहन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेरा उद्देश्य है कि आम लोग, खासकर युवा वर्ग, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। सरनाईक ने कहा कि यह कार खरीदना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन पर्यावरण के अनुकूल पहल के तौर पर, परिवहन मंत्री होने के नाते मैंने इलेक्ट्रिक वाहन लिया है। मैंने यह गाड़ी इसलिए खरीदी है, क्योंकि आने वाले 10 सालों में हमारा सपना है कि महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां इलेक्ट्रिक हों। सरनाईक ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस गाड़ी की खरीद में कोई विशेष छूट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि बच्चे छोटी उम्र से ही सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट के महत्व को समझें और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाएं। जिस वक्त प्रताप सरनाईक टेस्ला की डिलीवरी ले रहे थे, उस समय शोरूम में कई आम नागरिक भी अपने परिवार के साथ गाड़ी की टेस्ट ड्राइव के लिए मौजूद थे।

# आसमान में अटकी यात्रियों की जान

**महानगर नेटवर्क**
**इंदौर**

दिल्ली से इंदौर के लिए उड़े एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। 161 यात्रियों को लेकर राजधानी से इंदौर जा रहे विमान के इंजन में खराबी आ गई। एक इंजन में तकनीकी खराबी का पता लगते ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को PAN-PAN संदेश भेजा। अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया और सभी ने राहत की सांस ली। हालांकि, विमानन कंपनी ने इसे इमरजेंसी लैंडिंग मानने से इंकार किया है। हवाई अड्डे के डायरेक्टर विपिनकांत सेठ ने बताया, 'एयर इंडिया एक्सप्रेस के दिल्ली से इंदौर आ रहे विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर हमने तमाम एहतियात बरतते हुए इस वायुयान को इंदौर के हवाई अड्डे पर सुबह 09:55 बजे उतारा। निर्धारित समय के मुताबिक इस विमान को सुबह 09:35 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर उतरना था।' उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स 1028 वाले इस विमान का चालक दल और इसमें सवार सभी 161 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। सेठ ने बताया कि विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को 'PAN-PAN' संकेत भेजा जिसके बाद मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत हवाई अड्डे पर अग्निशमन और चिकित्सा के इंतजाम किए गए।

## पायलट ने कहा-PAN-PAN




## महिला अधिकारी को कार्रवाई रोकने की धमकी पर अजित पवार की सफाई



**मुंबई।** सोलापुर जिले के एक गांव में अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचीं एक युवा महिला आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा का सामना सीधे राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से हो गया। कार्रवाई रोकने के लिए स्थानीय किसानों ने पवार को फोन किया। इसके बाद अजित पवार ने अधिकारी को फोन पर ही कार्रवाई रोकने के मौखिक निर्देश दिए, लेकिन महिला आईपीएस अधिकारी ने साफ कहा कि अगर कोई आदेश देना था तो सीधे मुझे फोन करना चाहिए था, न कि किसी और के फोन से। यह घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विपक्ष ने इसे बड़ा मुद्दा बनाते हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार से इस्तीफे की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार के आदेश के बाद आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा ने सोलापुर जिले की करमाला तालुका के एक गांव में अवैध उत्खनन रोकने की कार्रवाई शुरू की थी। कार्रवाई रोकने के लिए कुछ कार्यकर्ताओं ने सीधे उपमुख्यमंत्री अजित पवार को फोन लगाया। अजित पवार से बातचीत के दौरान अंजना कृष्णा ने स्पष्ट कहा कि कि आपको किसी और के फोन से नहीं, बल्कि सीधे मेरे फोन पर संपर्क करना चाहिए था। इस पर अजित पवार नाराज हो गए और अंजना कृष्णा का मोबाइल नंबर मांग कर उन्हें वीडियो कॉल किया। वायरल वीडियो में अजित पवार को महिला आईपीएस अधिकारी को डांटते हुए सुना जा सकता है।

**अजित पवार की सफाई :** वायरल वीडियो पर सोशल मीडिया एक्स पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य कानून के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं था, बल्कि उनकी चिंता यह थी कि मौके पर स्थिति शांत बनी रहे और माहौल नहीं बिगड़े। अजित पवार ने कहा कि उन्हें पुलिस बल पर पूरा भरोसा है। साहस व ईमानदारी से काम करने वाली महिला अधिकारियों के प्रति उनके मन में सर्वोच्च सम्मान है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए कानून का राज सबसे महत्वपूर्ण है। पवार ने कहा कि वे पारदर्शी प्रशासन के पक्षधर हैं और अवैध रेत, मिट्टी और पत्थर उत्खनन सहित हर तरह की गैरकानूनी गतिविधि पर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई करने के लिए कटिबद्ध हैं।

**Short News** एक नजर

## ओम प्रकाश राजभर को लीगल नोटिस

**लखनऊ।** योगी सरकार में मंत्री ओपी राजभर को एबीवीपी की तरफ से लीगल नोटिस भेजा गया है। ओपी राजभर पर आरोप है कि उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के लिए कथित रूप से गुंडा शब्द का इस्तेमाल किया गया था। इस मसले को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता पूरे यूपी में प्रदर्शन कर रहे हैं। अब एबीवीपी ने ओपी राजभर को लीगल नोटिस भेजकर पांच दिन में सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की है। एबीवीपी ने राजभर से कहा है कि कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो उन पर मानहानि का केस किया जाएगा। दरअसल एक सितंबर को एबीवीपी ने बाराबंकी में श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के परिसर में विधि पाठ्यक्रम की संबद्धता के कथित अभाव को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था।

'भारत को तोड़ो...' पोस्ट के बाद

# ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री के X खाते को सरकार ने किया बैन




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत को तोड़ने की बात करने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर-जहान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट को सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। दरअसल जहान ने अपने एक्स अकाउंट से भारत को तोड़ने की बात करते हुए एक विवादास्पद मैसेज शेयर किया था, जिसकी जानकारी मिलते ही भारत सरकार के गृह मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस वायरल पोस्ट को नोटिस किया और X को भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए खाते तक पहुंच रोकने का निर्देश दिया। तब से भारत में यह खाता बैन कर दिया गया है। फेहलिंगर-जहान ने एक्स पर लिखा, 'मैं भारत को तोड़कर एक्स इंडिया बनाने का आह्वान करता हूं।

# चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती :CDS चौहान

**महानगर नेटवर्क**
**गोरखपुर**

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को गोरखपुर में गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और संग्रहालय का शिलान्यास किया। यह परियोजना 45 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी, जो न केवल गोरखा सैनिकों के बलिदान को सम्मान देगी बल्कि भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम के दौरान 'भारत के सामने सुरक्षा चुनौतियां' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध और जियोपॉलिटिक्स को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता और युद्ध 'राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने का एक माध्यम है'। उन्होंने मई में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव का भी जिक्र किया। सीडीएस चौहान ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पूर्ण स्वतंत्रता थी, जिसमें हमले की योजना बनाने से लेकर लक्ष्यों का चयन तक शामिल था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना नहीं, बल्कि हमारी सहनशक्ति की सीमा रेखा खींचना था। यह एक मल्टी-डोमेन ऑपरेशन था, जिसमें साइबर वॉर भी शामिल था। मिलिट्री विंग्स के बीच कोऑर्डिनेशन और जॉइंट मोबिलाइजेशन इसका महत्वपूर्ण पहलू था।'

जनरल अनिल चौहान ने कहा, 'बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने सबक सीखा। भारत ने लंबी दूरी के सटीक हमलों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि पाकिस्तान ने संभवतः अपनी हवाई रक्षा पर जोर दिया।

## भारत के लिए 4 बड़े खतरे भी गिनाए



## दिल्ली में बाढ़ से पहली मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाढ़ के पानी में डूबकर एक शख्स की मौत हो गई है। दो दिन पहले डूबे शख्स की लाश काफी तलाशी के बाद शुक्रवार को बरामद की गई। उत्तरपूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंधू गांव में ओमबीर नाम के शख्स की जान गई है। यमुना के पानी में मामूली गिरावट आई है, लेकिन दिल्ली के कई इलाके अब भी बाढ़ की चपेट में है। यमुना किनारे बसे कई इलाकों में लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। पुलिस ने बताया कि उन्हें 3 सितंबर को गढ़ी मेंडू गांव में एक शख्स के डूबने की आशंका की सूचना मिली थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'जांच के दौरान पता चला कि ओमबीर नाम के शख्स को सुबह करीब 8.30 बजे पुस्ता की तरफ से गांव की ओर जाते देखा गया था।

# काशी और मथुरा पर बातचीत के लिए तैयार मौलाना मदनी

- मोहन भागवत के सुझाव का किया समर्थन

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि मथुरा और काशी हिंदू समुदाय को सौंप देने चाहिए। मदनी ने भागवत के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि आपसी मतभेद मिटाकर सहभागिता के लिए मुस्लिम समुदाय को साथ आना चाहिए। एक साक्षात्कार में इस्लामिक विद्वान ने कहा कि उनके संगठन ने पहले ही सहभागिता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि दोनों समुदायों के बीच मतभेद हैं जिन्हें कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए।



मदनी ने कहा, 'दोनों समुदायों के बीच बहुत सारे मतभेद हैं। मेरे संगठन ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि दोनों समुदायों के बीच बातचीत होनी चाहिए। मतभेद है लेकिन हमें उन्हें कम करने की जरूरत है। हम बातचीत के सभी प्रयासों का समर्थन करेंगे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मथुरा और काशी को लेकर बयान दिया। मुस्लिम समुदायों तक पहुंचे उनके प्रयासों की प्रशंसा की जानी चाहिए। हम सभी प्रकार की बातचीत का समर्थन करते हैं।'दरअसल कुछ दिन पहले आरएसएस की एक बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि राम मंदिर ही एक मात्र ऐसा आंदोलन था जिसमें संघ ने आधिकारिक तौर पर समर्थन किया।

## सिद्धारमैया ने राष्ट्रपति से पूछा- कन्नड़ आती है

**मुर्मू बोलीं- हर भाषा-परंपरा से प्यार, कन्नड़ भी सीखूंगी**

**मैसूर।** मैसूर में 1 सितंबर को अखिल भारतीय वाणी एवं श्रवण संस्थान के समारोह था। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति मुर्मू थीं। इस दौरान कर्नाटक CM सिद्धारमैया ने राष्ट्रपति से सवाल पूछा कि क्या आपको कन्नड़ आती है, मैं कन्नड़ में बात करता हूं।' इसके बाद मुर्मू भाषण देने आईं। उन्होंने सिद्धारमैया को जवाब देते कहा- मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहूंगी कि कन्नड़ भले ही मेरी मातृभाषा नहीं हैं, लेकिन यह कर्नाटक की भाषा है। मुझे भारत की हर भाषा, संस्कृति और परंपरा से प्यार है। मैं उनका सम्मान करती हूं।'

# बीड़ी और बिहार वाली पोस्ट पर विवाद, केरल कांग्रेस ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** बीड़ी और बिहार वाली पोस्ट पर विवाद होने के बाद कांग्रेस की केरल इकाई ने माफी मांग ली है। केरल कांग्रेस की पोस्ट को बीजेपी ने बिहारियों का अपमान बताया था। केरल कांग्रेस ने X पर पोस्ट कर कहा है कि हमारे द्वारा किए गए तंज को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। अगर आपको ठेस पहुंची हो तो हमें माफ करें।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में GST रिफ़ॉर्म को लेकर कई घोषणाएं की हैं। इसमें तंबाकू और सिगरेट जैसी कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत के टैक्स स्लैब में रखा गया है हालांकि, जीएसटी रिफॉर्म में बीड़ी पर टैक्स घटाया गया है। इसे लेकर केरल कांग्रेस ने X पर की गई पोस्ट में बीड़ी और बिहार की तुलना की थी।




## बीजेपी ने कांग्रेस पर किया अटैक

बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से अपनी बिहार विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने लिखा, "कांग्रेस ने फिर हद पार कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ को गाली देने के बाद अब बिहार की तुलना बीड़ी से कर रही है। क्या तेजस्वी यादव इसका समर्थन करते हैं? रेवंत रेड्डी से लेकर डीएमके और कांग्रेस तक बिहार के प्रति उनकी नफरत साफ दिखाई देती है।"

# चीन व जापान यात्रा के वैश्विक प्रभाव

अमेरिका से गहराते आर्थिक व नीतिगत तनाव के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया चीन-जापान यात्रा के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने बेहद अहम हैं और प्रतिरक्षा रणनीतियों व विकास के लिहाज से भारत के प्रति इसके दुनियावी असर भी बेहद महत्वपूर्ण और कारगर साबित होंगे। ऐसा इसलिए कि पीएम मोदी की इस यात्रा के माध्यम से जहां चीन से द्विपक्षीय सम्बन्धों में गर्माहट आई है, वहीं जापान से पहले से चले आ रहे मधुर सम्बन्धों को और अधिक मजबूती मिली है और कारोबारी विकास का मार्ग प्रशस्त होने के आसार बढ़े हैं। पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। वहीं, अमेरिकी, चीनी और पाकिस्तान परस्त अरब देशों की भावी चुनौतियों का मजबूती पूर्वक सामना करने के लिए दूसरी पंक्ति के देशों, यथा- जापान, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ईरान आदि के साथ मजबूत रणनीतिक सम्बन्ध विकसित करना चाहता है। वहीं, द्विपक्षीय व्यापार हेतु फ्री ट्रेड अग्रीमेंट करने की रणनीति पर भी भारत अमल कर रहा है। इस नजरिए से पीएम मोदी की जापान यात्रा भी बहुत फायदेमंद रही है। वहीं, चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाक़ात बेहद सकारात्मक बताई गई है। यहीं पर आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मोदी ने जो गर्मजोशी दिखाई, वह शेष दुनिया के लिए एक व्यापक संकेत है। इसके अलावा, मोदी, पुतिन और जिनपिंग की त्रिपक्षीय मुलाकात के हास्य हाव-भाव वाले फ़ोटो ने पश्चिमी दुनिया के नेताओं की नींद उड़ा डाली है। दरअसल, वैश्विक दुनियादारी में हर वक्त खरे उतरे भारत-रूस सम्बन्धों में दरार डालने की जो अमेरिकी चाल चली गई, उसके साइड इफेक्ट्स स्वरूप भारत-चीन ने जो सूझबूझ प्रदर्शित किया है, उससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञों की बोलती बंद हो चुकी है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ जो द्विपक्षीय मुलाक़ात हुई, इससे दोनों के आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलती प्रतीत हुई है। यह भारत के लिए एक शुभ संकेत है। तभी तो पीएम मोदी के साथ बैठक में शी जिनपिंग ने दो टूक कहा है कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। इसलिए दोनों देशों का साथ आना लाजिमी है। इस हेतु जारी कोशिशों को बढ़ावा मिलना दोनों देशों के लिए हितवर्द्धक रहेगा। कहना न होगा कि चीन और भारत सिर्फ़ प्राचीन सभ्यताएँ ही नहीं बल्कि दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं जो ग्लोबल साउथ के प्रमुख स्तम्भ हैं। इसलिए दोनों देशों के लिए यह अहम है कि वो अच्छे संबंध रखने वाले दोस्त बने रहें और ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान करें जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं। भारत चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। देखा जाए तो अमेरिका द्वारा भारत को घेरने के लिए जिस अब्राहम परिवार यानी ईसाई-यहूदी-मुस्लिम की एकता पर बल दिया जा रहा है, वह यदि सफल होता है तो चीन और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का साथ भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण और तलबगार हो जाएगा क्योंकि यहां हिन्दू धर्म से निकले बौद्ध धर्म का प्रभाव ज्यादा है। यूँ तो मोदी-जिनपिंग की मुलाक़ात ऐसे समय पर हुई है जब भारत 50 फ़ीसदी अमेरिकी टैरिफ़ से उपजे आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है क्योंकि इस टैरिफ़ से भारत के निर्यात क्षेत्र पर अच्छा-ख़ासा असर पड़ेगा जब तक कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाए। इसलिए अब भारत और चीन भी आपसी सीमा विवादों के तल्खी भरे अतीत के उलट अपने संबंधों को एक नया स्वरूप देने पर लगातार ज़ोर दे रहे हैं जिसके लिए पिछले 6 माह से कवायद तेज है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच संबंध, मौजूदा वक़्त में दुनिया में हो रहे बदलावों पर निर्भर करते हैं और इन रिश्तों में मोदी की चीन यात्रा 'एक मोड़' है क्योंकि भारत और चीन दुनिया की पाँच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। अभी तक चीन दूसरे और भारत चौथे पायदान पर खड़ा है हालांकि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को ततपर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) के अनुसार, 5 ट्रिलियन डॉलर के शेयर बाज़ार के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह पर है जबकि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। चूंकि दुनिया ने चीन और अमेरिका के संबंधों को बहुत अहमियत दी है। इसलिए अब वक़्त आ गया है कि दोनों देश सिर्फ इस बात पर ध्यान दें कि दुनिया की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ यानी चीन और भारत कैसे एक साथ काम कर सकते हैं हालांकि, दोनों देशों के बीच संबंध में एक बड़ी चुनौती सीमा विवाद भी है। ऐसा इसलिए कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से अनसुलझा सीमा विवाद भी रहा है। हालांकि, दोनों देश आपसी विवादों को मिटाना चाहते हैं। विगत छह महीनों में भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कैलाश- मानसरोवर यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा वीज़ा में और ढील दी जा सकती है और अन्य व्यापारिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं, जो देश दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए भारत और चीन को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए, इन दोनों देशों के बीच आपसी संवाद होते रहना चाहिए क्योंकि सीमा पर तकरार के अलावा भी दोनों देशों के बीच कई विवाद हैं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*दिल्ली दरिया बन गई, बने समुंदर घाट*
*पानी-पानी लोग हैं, खतम हो गई ठाट*
*खतम हो गई ठाट,बाट पर घूमे नइया*
*मारे धोबिया पाट आज हरियाणा दइया*
*कह सुरेश कविराय करे हरियाणा किल्ली*
*मांग रही है न्याय, बचाओ रेखा दिल्ली*

# जीएसटी सुधार का वायदा पूरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के लोगों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में सुधार के रूप में दिया गया "दिवाली उपहार", संभवतः तीन स्तंभों - संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना, और जीवन को आसान बनाना - पर आधारित होगा तथा इसमें वर्तमान पांच-दर प्रणाली से दो-दर प्रणाली की ओर बदलाव शामिल हो सकता है। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली के लाल किले से अपने भाषण में मोदी ने कहा था कि सरकार अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाएगी, जिससे आम आदमी पर कर का बोझ कम होगा। यह आपके लिए दिवाली का तोहफ़ा होगा। पीएम मोदी ने दिवाली के जिस गिफ्ट को आम आदमी को देने का वादा किया था, उसे नवरात्र के पहले दिन ही देने की तैयारी की जा रही है। जीएसटी परिषद ने त्योहारी सीजन पर नए जीएसटी ढांचे को लागू करने की तैयारी पूरी कर ली है। परिषद के फैसले से आम लोगों, किसानों और कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी। नई दरें नवरात्र के पहले दिन (22 सितंबर) से लागू होंगी। 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब को लागू किए जाने के पीछे एक अहम उद्देश्य यह भी है कि 22 सितंबर से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। ऐसे में त्योहारी सीजन में लोग खरीदारी करते हैं।सरकार का मानना है कि अगर नवरात्र के पहले दिन से छूट का प्रावधान लागू किया जाता है तो उससे ग्राहकों को लाभ होगा। इससे बाजार को भी गति मिलेगी। खासकर ऑटोमोबाइल क्षेत्र को व्यापक लाभ हो सकता है। इसलिए सरकार चाहती है कि जीएसटी परिषद में सहमति बनने के बाद जीएसटी के दो स्लैब लागू करने में ज्यादा देरी न हो। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर दर में कटौती की घोषणा करते हुए कहा कि अब से जीएसटी के केवल दो चरण होंगे। देश भर में सरकार के विज्ञापन अभियान में भी यही कहा गया है। लेकिन यह सच नहीं है। नवीनतम दर में कटौती से पहले, वस्तु और सेवा कर के छह चरण थे। शून्य प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, कर 28 प्रतिशत और 40 प्रतिशत अधिक था। इनमें से 12% और 28% को हटा दिया गया। इसका मतलब है कि छह चरणों में से केवल दो चरणों को हटाया जाएगा और अब से चार चरणों में कर लगाया जाएगा। इसमें भी 28 प्रतिशत में से कई 40 प्रतिशत तक चले जाएंगे। केवल एक चरण होना आदर्श वस्तु एवं सेवा कर है। हमारे जैसे देश में, यह असंभव है। हालांकि, सभी घटकों को अधिकतम दो चरणों में विभाजित करना आवश्यक था। इस संदर्भ में, माल और सेवा कर का मूल मसौदा। विजय केलकर की समिति ने भी दो चरणों की सिफारिश की थी और कई विशेषज्ञ अभी भी यही बात कहते हैं। सुधार का दावा करने वाली सरकार ने इससे मुंह मोड़ लिया है। अगर आप इस टैक्स के वास्तविक लाभों का अनुभव करना चाहते हैं, अर्थव्यवस्था के

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली के लाल किले से अपने भाषण में मोदी ने कहा था कि सरकार अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाएगी, जिससे आम आदमी पर कर का बोझ कम होगा। यह आपके लिए दिवाली का तोहफ़ा होगा। पीएम मोदी ने दिवाली के जिस गिफ्ट को आम आदमी को देने का वादा किया था, उसे नवरात्र के पहले दिन ही देने की तैयारी की जा रही है।



उछाल का अनुभव करना चाहते हैं, तो G. S. Tax के चरण दो से अधिक नहीं होने चाहिए। कुछ लोगों का मानना है कि भले ही सरकार दो करने का दावा करती है, लेकिन यह एक धोखा है। वित्त मंत्री के बयान में वस्तु/सेवा कर के तीन महत्वपूर्ण घटकों- पेट्रोल, डीजल और शराब को वस्तु/सेवा कर में शामिल करने का उल्लेख नहीं है। अर्थात, सरकार के पास अभी भी ईंधन की कीमत को छूने की हिम्मत नहीं है, जिस पर परिवहन लागत, जो सभी वस्तुओं/सेवाओं के घटकों की कीमतों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसी स्थिति में, केवल सरकार और विचारक ही जो हुआ उसे 'प्रमुख सुधार' कह पाएंगे। दूसरों ने कहा कि इन कथित सुधारों ने इन कथित सुधारों को जन्म दिया है। यह खुश होना वांछनीय है कि सेवा कर में हास्यास्पद असामंजस्य कुछ हद तक कम हो जाएगा। यानी 'बन-पाव' पर 5 फीसदी, काजल पर 5 फीसदी, लेकिन बन-मास्क पर 18 फीसदी, जो कई लोगों के नाश्ते का एक घटक है। या स्कूल स्तर पर आवश्यक स्नैक्स पर 5 फीसदी, मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सैनिटरी पैड पर 12 फीसदी और इसी उद्देश्य के लिए इस्तेमाल होने वाले टैम्पोन पर 18 फीसदी।नवीनतम तथाकथित सुधारों में चिकित्सा बीमा आदि पर करों में कमी आएगी। बेचारा। अब यह टैक्स फ्री होगा। सबसे बड़ा बदलाव जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स में होगा। इन दो आवश्यक सेवाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाना मूल रूप से मूर्खतापूर्ण है। हमारे पास पहले से ही चिकित्सा बीमा चाहने वाले लोगों की एक छोटी संख्या है। इसने इस क्षेत्र की कमर 18 प्रतिशत तक तोड़ दी। यह अब सीधा होना चाहिए। क्योंकि ये बीमा प्रीमियम अब टैक्स फ्री होगा। वही मूर्खतापूर्ण कहर सिनेमाघरों में पॉपकॉर्न-नामित मकई के लट्टे के बारे में था। पहले मक्के के लट्टे साधारण होने पर 5 प्रतिशत, नमकीन लट्ठे पर 12 प्रतिशत और कारमेलाइज्ड लाठियों पर 18 प्रतिशत कर देना पड़ता था। अब, हम पांच प्रतिशत में सभी लाठियों से छुटकारा पा लेते थे। अब, सभी लाठियां घटाकर पांच प्रतिशत कर दी जाएंगी। बढ़ते तापमान के कारण, एयर कंडीशनर कोई विलासिता नहीं है। रेल मंत्रालय का कहना है कि मुंबई में सभी लोकल ट्रेनें वातानुकूलित होनी चाहिए। उपभोक्ता वस्तुएं 5 फीसदी के दायरे में आएंगी। इसमें आपका स्वागत है। हालांकि, ये तथाकथित सुधार इस स्वागत को एकमुश्त करने की अनुमति नहीं देते हैं। उदाहरण के लिए, कारों और होटलों के लिए कर संरचना 40 प्रतिशत होगी और 7,500 रुपये से अधिक शुल्क लेने वाली होटल सेवाओं पर भी कर लगेगा। हमारी सरकार को अभी तक पता नहीं है कि ऐसी कार लेने वाले और महंगे होटलों में रहने वाले अमीर नहीं हैं। हमारे पास सड़कों और परिवहन की गुणवत्ता को देखते हुए, बहुत से लोग सुरक्षा कारणों से हाल ही में बड़ी कारें खरीदते हैं। अब लागत बढ़ेगी। एक खामी भी है। इसका मतलब है कि 1200 सीसी इंजन की क्षमता वाली कारों पर ज्यादा टैक्स लगेगा, इसलिए इसमें कोई शक नहीं है कि 1150 सीसी क्षमता वाली कारें जल्द ही आएंगी। दूसरा मुद्दा स्टार होटलों का है। यह सच है कि इसका उपयोग अमीरों द्वारा किया जाता है। लेकिन यह भी सच है कि स्टार होटलों में आम होटलों की तुलना में अधिक रोजगार की क्षमता होती है। एक पांच सितारा होटल सीधे कम से कम 500 लोगों को रोजगार देता है और समान संख्या में अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करता है। इसलिए अगर हम रोजगार सृजन, खरीदारी और सेवाओं को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, तो हमें बड़ी कारों या बड़े होटलों की जरूरत है। ऐसा लगता है कि 'अमीरों को थप्पड़ मारो' मानसिकता के कारण ऐसा नहीं हो रहा है। सरकार का अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार नोटबंदी रहा है। इसके पीछे मकसद अमीरों को सबक सिखाना था। वास्तव में, किसे फायदा हुआ और कौन दिवालिया हो गया, इसका इतिहास ताजा है। इस मानसिकता के दोहराव की संभावना है। भारत सरकार की तरफ से GST में किए गए बदलाव को लेकर कांग्रेस भी क्रेडिट लेने की जुगाड़ में है । विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने कई पुराने ट्वीट सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं।कांग्रेस का कहना है कि आठ साल बाद बीजेपी को अपनी गलती का अहसास हुआ है, जबकि कांग्रेस इसका पहले से ही विरोध कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने उन पुराने ट्वीट को शेयर किया, जिनमें उन्होंने लिखा था कि कांग्रेस 18% CAP के साथ एक रेट के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

**- अशोक भाटिया**

# भाषाई अभद्रता के चरम पर भारतीय राजनीति

भारतीय राजनीति का इतिहास विचारों की टकराहट, वैचारिक बहस और लोकतांत्रिक मूल्यों से समृद्ध रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक संवाद में भाषाई अभद्रता एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है। नेताओं के बीच नीतियों और विकास पर चर्चा की जगह व्यक्तिगत हमले, अपशब्द, और जातिगत-लैंगिक अपमान बढ़ते जा रहे हैं। यह न केवल राजनीतिक संस्कृति को दूषित कर रहा है बल्कि सामाजिक एकता को भी कमजोर कर रहा है। हाल ही में बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी ने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है। भाषाई अभद्रता से तात्पर्य उन भाषणों और टिप्पणियों से है जो अपशब्दों, व्यक्तिगत हमलों, जातिगत-धार्मिक अपमानों, और लैंगिक टिप्पणियों से भरे होते हैं। यह भारतीय राजनीति में कोई नई बात नहीं है लेकिन सोशल मीडिया और चौवीस घंटे न्यूज चैनलों के युग में यह चरम पर पहुंच गई है। पहले जहां नेताओं के बीच नीतिगत बहसें हुआ करती थीं, वहीं अब व्यक्तिगत हमले और अपशब्द सामान्य हो गए हैं। बिहार के दरभंगा में इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की गई। एक वायरल वीडियो में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हिंदी में अपशब्दों का इस्तेमाल करते सुना गया। इस मंच पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और तेजस्वी यादव के पोस्टर थे हालांकि ये नेता उस समय मंच पर मौजूद नहीं थे।



इस घटना ने भारतीय जनता पार्टी को आक्रामक रुख अपनाने का मौका दिया। बीजेपी ने इसे लोकतंत्र पर धब्बा और महिला विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए कड़ी निंदा की। बीजेपी ने पटना के कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की और राहुल गांधी से माफी की मांग की। बीजेपी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, राहुल गांधी, आप जिस तरह की भाषा और अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं या मंच से करवा रहे हैं, वह असहनीय है। आपको इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ के उद्घाटन के दौरान इस घटना पर भावुक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मां हमारा संसार है, मां हमारा स्वाभिमान है। मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, फिर उन्हें क्यों गाली दी गई? यह न केवल मेरी मां का अपमान है बल्कि देश की हर मां, बहन और बेटी का अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस अपमान को माफ कर सकते हैं, लेकिन बिहार की जनता ऐसा नहीं करेगी। कांग्रेस ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और कहा कि यह एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई थी जिसका पार्टी से कोई संबंध नहीं है। स्थानीय युवा कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद ने माफी मांगी और कहा कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी हालांकि, बीजेपी ने इसे विपक्ष की संस्कृति विरोधी और महिला विरोधी मानसिकता का हिस्सा बताया। यह घटना अकेली नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही भाषाई अभद्रता के दोषी रहे हैं। आजकल सोशल मीडिया ने नेताओं को वायरल होने की होड़ में अपशब्दों का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया है। ट्वीट्स और वायरल वीडियो तुरंत ध्यान खींचते हैं जिससे नेताओं का ध्यान नीतिगत मुद्दों से हटकर व्यक्तिगत हमलों पर चला जाता है। सत्ता और विपक्ष के बीच गहरा ध्रुवीकरण है। विपक्ष को घुसपैठिए या देशद्रोही और सत्ता को तानाशाह जैसे शब्दों से नवाजा जाता है, जो वैमनस्य को बढ़ाता है। न्यूज चैनल और डिबेट शो भाषाई अभद्रता को बढ़ावा देते हैं। भाषाई अभद्रता के प्रभाव गहरे और दीर्घकालिक हैं। अपशब्द और व्यक्तिगत हमले समाज में जातिगत, धार्मिक और लैंगिक तनाव को बढ़ाते हैं। बिहार की घटना में, मां के खिलाफ टिप्पणी को हर मां का अपमान बताकर बीजेपी ने इसे सामाजिक मुद्दा बना दिया। राजनीतिक संवाद का स्तर गिरने से जनता का विश्वास लोकतांत्रिक संस्थानों पर कम होता है। लोग नेताओं को आदर्श के रूप में देखना बंद कर देते हैं। अधिकांश अपशब्द लैंगिक या जातिगत होते हैं जिससे महिलाएं और अल्पसंख्यक समुदाय विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। अपशब्दों और अपमानजनक टिप्पणियों के लिए कड़े कानून बनाए जाने चाहिए। बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जो एक सकारात्मक कदम है। न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने से रोकना चाहिए। एक स्वतंत्र निगरानी समिति बनाई जा सकती है। नेताओं को अपनी भाषा और व्यवहार पर नियंत्रण रखना चाहिए। जैसा कि पत्रकार रजत शर्मा ने अपने ट्वीट में कहा, लफ्जों का इस्तेमाल शालीनता से अपनी बात कहने के लिए करना चाहिए न कि गाली देने के लिए। चुनाव आयोग को ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए जैसे कि प्रचार पर प्रतिबंध या उम्मीदवारी रद्द करना। जनता को शिक्षित करने की जरूरत है कि वे ऐसे नेताओं का समर्थन न करें जो अपशब्दों का सहारा लेते हैं। बिहार में प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ टिप्पणी और अन्य हाल की घटनाएं भारतीय राजनीति में भाषाई अभद्रता की गंभीरता को दर्शाती हैं। यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है। अगर इसे रोका नहीं गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। नेताओं, मीडिया और जनता को मिलकर इस प्रवृत्ति को रोकना होगा, ताकि राजनीति फिर से सेवा और विचारों का मंच बन सके।

**- संदीप सृजन**

# टैरिफ वॉर से चाइना प्लस वन रणनीति को लगा धक्का

संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अभी हाल ही में भारत के खिलाफ लगाए गए 50 प्रतिशत तक सीमा शुल्क का सबसे बड़ा असर, चाइना प्लस वन रणनीति पर पड़ने वाला है। इससे सीधा लाभ चीन को पहुंचेगा। अमेरिकी हालिया रणनीति ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि चाहे वह चीन के खिलाफ कितना भी दिखावा कर ले लेकिन अमेरिकी रणनीतिकार अप्रत्यक्ष रूप से चीन का लगातार सहयोग कर रहे हैं। सहयोग करना स्वाभाविक भी है क्योंकि दुनिया के बड़े-बड़े कॉरपोरेट घरानों की पूंजी चीन ने अपने यहां निवेश करवा रखी है। यदि चीन किसी कारण धराशायी होता है तो वहां निवेशित पूंजी को डूबने की पूरी संभावना है। इस बात से अमेरिका भी डरता है और जब कभी भी चीन कमजोर पड़ने लगता है, अमेरिका किसी न किसी रूप से उसकी मदद कर देता है। अब हमें यह समझना होगा कि आखिर अमेरिका चीन की मदद क्यों करता रहा है? दरअसल, जब औटोमन साम्राज्य के पतन के बाद ग्रेट ब्रिटेन का विकास हुआ, तब दुनिया बदल चुकी थी और नए तरह की व्यवस्था खड़ी होने लगी थी। दुनिया भर के व्यापारी और पूंजीपरस्थ ग्रेट ब्रिटेन का संरक्षण प्राप्त करने लगे थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक बार फिर दुनिया बदली और ग्रेट ब्रिटेन कमजोर पड़ गया। अब दुनिया के पूंजीपरस्थों का संरक्षक कौन होगा? ऐसे में इन पूंजीपरस्थों के सबसे बड़े पैरोकार के रूप में उभरकर सामने आए अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट। हालांकि द्वितीय विश्वयुद्ध के थोड़े ही समय के बाद उनकी मृत्यु हो गयी लेकिन उन्होंने अपने सैन्य ताकत के बल पर दुनिया के पूंजीपरस्थों को संरक्षित करने का आश्वासन दिया। इधर द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संगठित पूंजीपरस्थों के खिलाफ एक नया ब्लॉक बना। उस ब्लॉक का नेता 'यूनियन ऑफ़ सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक्स' बन कर उभरा। फिर नई वैश्विक रणनीति का उदय हुआ। पूंजीवाद और साम्यवाद के बीच दुनिया विभाजित हो गयी। साम्यवादी प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ता गया, वैसे-वैसे साम्राज्यवादी प्रभाव कम होने के कारण नए-नए देश आजाद होने लगे। साम्यवादी प्रभाव के कारण जो देश आजाद हो रहे थे, वे साम्यवादी रूस के साथ होते जा रहे थे । इस बात को लेकर दुनिया के पूंजीपरस्थ चिंतित होने लगे और इस बात की चिंता संयुक्त राज्य अमेरिका को भी होने लगी। इसी बीच चीन के किसानों ने वहां के राजा और सामंतों के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ किया। साम्यवादी रूस ने उस आंदोलन को सहयोग करना प्रारंभ किया। इधर सत्ता पक्ष को अमेरिका ने सहयोग कर दिया। अंततोगत्वा वर्ष 1949 में चीन में भी माओ के नेतृत्व में साम्यवादी सरकार का गठन हो गया। अब चीन का नाम भी बदल दिया गया। अब दुनिया के नक्शे पर एक नया देश उभरा और उसका नाम पीपुल्स लिबरेशन ऑफ चाइना रखा गया। सब कुछ ठीक चल रहा था। माओ और चीनी साम्यवादी नेता रूस के साथ मिल कर दुनिया में साम्यवाद की अलख जगाने की कसमें खा रहे थे लेकिन इधर चीन अपनी सीमा में विस्तार को लेकर भी संवेदनशील था।

**-गौतम चौधरी**


आज का कार्टून

साभार




# गाली की सियासत और बिहार बंद

राजनीति में गाली- गलौज के लिए कोई स्थान नहीं होता क्योंकि इसकी मार्फत लोकतन्त्र में आम जनता अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। यह लड़ाई पूर्णतः वैचारिक आधार पर होती है अतः जब भी राजनीति में भाषा का स्तर गाली पर उतर आता है तो उसे वैचारिक खोखलेपन का सबूत माना जाता है। वैचारिक खोखलापन राजनीति में तब भी माना जाता है जब नीतिगत सिद्धान्तों के स्थान पर व्यक्तिगत आलोचना होने लगती है। प्रख्यात समाजवादी चिन्तक डा. राम मनोहर लोहिया कहा करते थे कि राजनीति में जब वैचारिक स्तर पर खोखलापन शुरू होता है तो व्यक्तिगत आलोचना शुरू होती है और यह चरित्र हत्या तक पहुंच जाती है मगर भारत में पिछले दो दशक से राजनीति का स्तर लगातार गिरता जा रहा है जिसके लिए सत्ता व विपक्ष दोनों ही जिम्मेदार हैं। यहां पर महात्मा बुद्ध का प्रसंग याद आता है. एक बार एक आदमी गौतम बुद्ध के पास गया। उनको बहुत गालियां दीं। जब गाली देने वाला थककर शांत हो गया तो बुद्ध ने पूछा कि अगर तुम मुझे कुछ सामान दो और




मैं उसे ना लूं तो क्या होगा। उस आदमी ने कहा कि वो सामान मेरे पास रह जाएगा।बुद्ध ने कहा कि मैंने तुम्हारी गाली ग्रहण नहीं की। बुद्ध में करुणा थी। राजनीति को मानव विकास से जोड़ना है तो उसमें भी करुणा होनी चाहिए लेकिन सत्ता के बाजार में बिठा दी गई आज की राजनीति करुणा, संवेदना और संयम की परिभाषा नहीं समझती। आज गाली पर राजनीति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार बंद के राजधानी पटना समेत प्रदेश भर के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन किए गए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता भी सड़कों पर उतरे। पटना में भाजपा और जदयू कार्यकर्ताओं ने शहर भर के प्रमुख चौराहों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और पार्टी के दिग्गज नेता संजय मयूख ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री के खिलाफ विपक्ष की टिप्पणी की निंदा करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा, इतनी बेशर्मी क्यों है? आप प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करते हैं और आपके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकलता है? रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अगर हमारा कार्यकर्ता होता तो हम कार्रवाई करते हुए माफी मांगते। रविशंकर प्रसाद ने तेजस्वी यादव की टिप्पणी पर भी जवाब दिया जिसमें राजद नेता ने कहा कि उनकी मां (राबड़ी देवी) के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था। भाजपा सांसद ने कहा, उनकी मां पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वो पॉलिटिकल बात है। क्या हम भी गिनाएं कि राहुल गांधी और विपक्ष के लोगों ने 100 से अधिक बार प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया? पटना के आयकर गोलंबर के पास हाथों में झंडा लेकर भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़क पर उतर आईं और लोगों से आज के बंद का समर्थन करने की बात कही। इन महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के विरोध में जमकर नारे लगाए। बड़ी संख्या में बैनर और पोस्टर लेकर पहुंची प्रदर्शनकारी महिला कार्यकर्ता बीच सड़क पर ही बैठ गईं।

**-कुमार कृष्णन**

# नीतीश कुमार ने चुनाव से पहले स्पष्ट कर दी सरकार की प्राथमिकता

**लालू- तेजस्वी के प्लान को लगेगा झटका**



महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर है। वर्ष 2005-2006 से एनडीए की सरकार लगातार काम कर रही है। पूर्व की सरकार 34 हजार करोड़ की बजट बनाती थी। हमारी सरकार तीन लाख 16 हजार करोड़ की बजट बनाती है। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि हमारी सरकार कितनी काम कर रही है ताकि सूबे के लोग समृद्ध हो सके। यह बात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पालीगंज के सिकरिया गांव में शुक्रवार को कही। वे यहां सिकरिया में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे।

**हेल्थ सेक्टर में काम**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पीएमसीएच को पांच हजार 462 बेड क्षमता वाला अस्पताल बना दिया गया है। वहीं आईजीआईएमएस की बेड क्षमतातीन हजार तथा एनएमसीएच को ढाई हजार बेड क्षमता वाला अस्पताल बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने कुछ विशेष भवनों का भी निर्माण कराया है। उसमें जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, तीन अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, दो अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय के अलावा सरकार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, बिहार म्यूजियम, सरदार पटेल भवन, पटना कलेक्ट्रेट, अंजुमन इस्लामिया भवन व बापू टावर जैसे भवनों का निर्माण कराया है।

**मुस्लिम वोटरों पर भी नजर**

मुसलमानों की सुविधा के लिए कब्रिस्तानों को घेराबंदी वर्ष 2006 में ही करा दी गई थी। वर्ष 2016 में एनडीए की सरकार ने साठ वर्ष से अधिक पुराने मंदिरों और मठों की भी घेराबंदी करा दी है। पालीगंज विधानसभा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा के पालीगंज में एएनएम स्कूल सह छात्रावास, खिरीमोड़ में सरकारी आईटीआई, दुल्हिन बाजार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के अलावा पाली-अकबरपुर एवं दुल्हिन बाजार-नौबतपुर सड़क की चौड़ीकरण का काम कराया गया है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र में 216 ग्रामीण सड़कों व दो पुलों का निर्माण कराया गया है। साथ ही इस इलाके में एक ग्रिड उपकेन्द्र, चार पावर सबस्टेशन व तीन कृषि फीडर स्थापित किए जा चुके हैं।

**पालीगंज का विकास**

पालीगंज विधानसभा के दुल्हिन बाजार प्रखंड में किसानों के हित में चार हजार पईन का जीर्णोद्धार कराया गया है। उन्होंने कहा कि पालीगंज क्षेत्र के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 32 महत्वाकांक्षी योजनाओं की स्वीकृति भी दी जा चुकी है। इनमें कुछ पर काम शुरू भी हो चुका है। हसमदा में पुनपुन नदी पर समदा को गुलरिया बिगहा से जोड़ने के लिए पुल निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस पुल के बन जाने से अरवल, जहानाबाद और पटना जिले के कई गांव आपस में जुड़ जाएंगे।

# बीड़ी पर सुलगी बिहार की सियासत, तेजस्वी का रिएक्शन आया

महानगर नेटवर्क
पटना

B से बीड़ी और B से बिहार वाले केरल कांग्रेस के पोस्ट पर राज्य की सियासी पारा हाई हो गया है। बीजेपी, जदयू और हम पार्टी की आलोचना के बाद कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने सफाई दी है तो नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी बिहारी अस्मिता से खिलवाड़ पर आपत्ति जताई है। बताया जा रहा है कि उस पोस्ट को पार्टी की ओर से डिलिट कर दिया गया है। जीएसटी सुधार के बाद केरल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक बीड़ी वाला पोस्ट क्या आया, चुनाव वाले बिहार में सियासत सुलग गई। एनडीए के सभी दल कांग्रेस पर हमलावर हो गए। जेडीयू ने बिहारी स्वाभिमान के बहाने तेजस्वी यादव को भी लपेटना शुरू कर दिया। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने भी प्रतिक्रिया दी है। पटना मे पत्रकारों ने उनसे कांग्रेस के पोस्ट पर सवाल पूछा तो अनभिज्ञता जता दी। कहा कि हमने उस पोस्ट को नहीं देखा है। लेकिन, यह कहने से भी पीछे नहीं हटे कि बिहार के स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ करना किसी के लिए, सही नहीं है। अपने छोटे से बयान में तेजस्वी यादव ने कांग्रेस पार्टी को साफ संदेश दे दिया।

**तारिक अनवर ने दी गजब की सफाई**



इधर पुराने कांग्रेसी तारिक अनवर ने कहा कि बिहार में चुनाव है। कांग्रेस की ओर से ऐसा बयान नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि केरल कांग्रेस का अकाउंट हैक किया गया है। कोई भी पॉलिटिकल आदमी ऐसा बयान नहीं दे सकता। उन्होंने यह भी कहा कि वे केरल कांग्रेस के नेताओं से इस बारे में बात करेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विवादित पोस्ट के लिए केरल कांग्रेस की ओर से माफी मांग ली गयी है। दरअसल जीएसटी रिफॉर्म्स में बीड़ी पर टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि सिगरेट और सिगार पर बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इसे लेकर केरल कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल पर बी से बीड़ी और बी से बिहार वाला पोस्ट आया था।

# 7 स्टेशनों पर ट्रेन कोच में खुलेंगे लग्जरी रेस्टोरेंट

**महाराजा एक्सप्रेस जैसी फीलिंग आएगी**



**सहरसा।** बिहार के 7 रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन के कोच में लग्जरी रेस्टोरेंट खोले जाएंगे। इनमें ग्राहकों को महाराजा एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेन वाली फीलिंग आएगी। सहरसा स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने के लिए टेंडर फाइनल हो गया है। दरभंगा, समस्तीपुर, रक्सौल, नरकटियागंज, मोतिहारी और बेतिया स्टेशन पर रेस्टोरेंट के लिए फिजिबिलिटी देखी जा रही है। सहरसा में नए अमृत भारत स्टेशन भवन परिसर में वातानुकूलित रेल कोच रेस्टोरेंट खुलेगा। यहां रेस्टोरेंट निर्माण के लिए गरीब रथ एक्सप्रेस के पुराना कोच लिया जाएगा। जगह का चयन कर लिया गया है। सहरसा स्टेशन पर 7 साल के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट का आवंटन किया गया है, जिससे रेलवे को 42 लाख रुपये का राजस्व मिलेगा। रेल कोच रेस्टोरेंट की सुविधा देने का रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को लजीज भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ नॉन फेयर राजस्व प्राप्त करना है।

# भूमिहार के दो नेताओं के बीच खिंची तलवारें!

■ वर्चस्व की जंग में सबकी निगाहें CM नीतीश कुमार पर टिकी

महानगर नेटवर्क
जहानाबाद



पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार का जदयू में शामिल होने का प्लान फिलहाल तो टलता दिख रहा है। कारण भी अब राजनीतिक गलियारों में सर चढ़ के बोल रहा है। कहा जा रहा है कि जदयू की भूमिहार राजनीति में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह एको अहं, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति! के पथगामी हैं। ऐसे में एक तेज तर्रार पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार का जदयू में शामिल होना आसान नहीं है। अभी जदयू में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह का सिक्का चलता है। गत दिनों अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन के बीच जो हुआ वह कुछ कम संकेत भी नहीं हैं। राजनीतिक गलियारों की माने तो इन दोनों भूमिहार नेता में बड़ा नेता कौन? यह जंग वर्षों से चल रहा है।सांसद डॉ. अरुण कुमार कहते हैं कि राजनीति में मैं सीनियर हूं। मैं 1992 में स्नातक क्षेत्र से एमएलसी बन गए। वर्ष 1999 के चुनाव में अरुण कुमार जनता दल (यू.) के टिकट पर राष्ट्रीय जनता दल उम्मीदवार को हराने में कामयाब रहे। 2004 के चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के गणेश प्रसाद यादव ने अरुण कुमार को हराया। 2014 के मोदी लहर में डॉ. अरुण कुमार एनडीए की सहयोगी आरएलएसपी के टिकट पर यहां से दूसरी बार जीतने में कामयाब रहे। वर्तमान केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह यूं तो जेपी आंदोलन से ही सक्रिय रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर के करीबी भी रहे। एमएलसी 2014 में बने। पर ये पहली बार चौदहवीं व पंद्रहवीं लोकसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। फिलहाल तो वे नरेंद्र मोदी के कैबिनेट में मंत्री हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफी करीबी माने जाते हैं। नीतीश कुमार ने इन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनाया। बिहार की राजनीति में एक लोकोक्ति अक्सर सुनने की मिलती है कि वामन, कुत्ता, हाथी, जाति के नहीं साथी।

# 15 सितंबर से पूर्णिया से अहमदाबाद की फ्लाइट

**स्टार एयर ने टिकट बुकिंग शुरू की**

महानगर नेटवर्क
पूर्णिया




बिहार के पूर्णिया एयरपोर्ट से अहमदाबाद की फ्लाइट 15 सितंबर से शुरू हो रही है। विमानन कंपनी स्टार एयर ने इसकी घोषणा कर दी है। पूर्णिया और अहमदाबाद के बीच विमान सेवा की टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को ही पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इस दिन स्टार एयर की फ्लाइट दोपहर सवा 12 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी और 2.45 बजे पूर्णिया हवाई अड्डा पर लैंड करेगी। वहीं, पूर्णिया से यह फ्लाइट दोपहर में 3.15 बजे अहमदाबाद के लिए रवाना होगी। पूर्णिया से अहमदाबाद का फ्लाइट किराया 5800 रुपये से शुरू है। स्टार एयर इस रूट पर शुरुआत में सप्ताह में तीन दिन उड़ान संचालित करेगा। पूर्णिया से हर सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को अहमदाबाद के लिए फ्लाइट मिलेगी। 15 सितंबर को उद्घाटन स्पेशल के रूप में यह उड़ान संचालित होगी।

# पटना में फोम फैक्ट्री में भीषण आग

■ लपटें और धुएं का गुबार देख मची अफरातफरी

■ दमकल की टीम बुझाने में जुटी

महानगर नेटवर्क
पटना



बड़ी खबर राजधानी पटना से आई है जहां एक फोम फैक्ट्री में भीषण आग लगी है। आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई है। कई थानों की पुलिस और दमकल की टीम आग बुझाने में जुट गई है। पटना के फतुहा इलाके की घटना है। आग से जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन बड़े नुकसान की आशंका है। आग से निकले धुएं का गुबार इतना ऊंचा है कि देखकर लोगों की चीखें निकल रही है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई है। बताया जा रहा है कि गैस वेल्डिंग मशीन से निकली चिनगारी से आग लगी। आग की भयावहता से आस पास के लोग काफी डरे हुए हैं। फतुहा थाना के दोस्त मोहम्मदपुर की घटना है। आग की लपटें और धुएं का गुबार भयावह है। फतुहा के अलावे कई थानों की पुलिस पहुंच गई है। बचाव कार्य में स्थानीय लोग भी सहयोग कर रहे हैं। फोम की फैक्ट्री होने की वजह से आग तेजी से फैल गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम जारी है। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर अभी तक नहीं मिली है। इस घटना से फैक्ट्री को काफी नुकसान पहुंचा है। आग लगने से लाखों रूपए की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की टीम ने 15 लोगों का रेस्क्यू किया है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दो किलोमीटर दूर से ही दिख रही थी। फैक्ट्री के कर्मियों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। फोम के कारण आग तेजी से फैल गई।

# गर्लफ्रेंड के लिए बीवी से हैवानियत

**पति ने पत्नी का गला काटा, रॉड से मारकर सिर भी फोड़ा**

महानगर नेटवर्क
सीतामढ़ी



बिहार के सीतामढ़ी जिले के बेला परिहार थाने के गुरहारी गांव में प्रेमिका के चक्कर में एक युवक ने पत्नी की गला रेतकर हत्या का प्रयास किया। महिला को गंभीर हालत में एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने फिलहाल मरीज को खतरे से बाहर बताया है। उसके सिर पर रॉड से हमला कर फोड़ दिया। आरोपी पति कांड को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। रविवार की घटना के बाद सीतामढ़ी से पीड़िता को एसकेएमसीएच लाया गया था। गुरुवार को जब पीड़िता कुंती देवी (22) बोलने लायक हुई तो मेडिकल ओपी पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराया। उसने पुलिस को बताया कि राजन पासवान से उसकी पांच साल पूर्व शादी हुई थी। उसकी ढाई साल की एक बेटी भी है।

पति राजन चेन्नई में काम करता है। उसका पड़ोसी गांव की एक मुस्लिम युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका वह विरोध करती रही है।

# नालंदा में प्रिंसिपल के पति का सुसाइड

**मामा और दोस्त ने रुपये नहीं लौटाए, 1 करोड़ का कर्ज था**

महानगर नेटवर्क
बिहारशरीफ



बिहार के नालंदा जिले में एक सरकारी स्कूल की प्रिंसिपल के पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना लहेरी थाना क्षेत्र के भैंसासुर मोहल्ला में गुरुवार देर रात की है। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव निवासी भोला पासवान के 35 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार उर्फ सज्जू के रूप में हुई है। वर्तमान में वह भैंसासुर मोहल्ले में एक किराए के मकान में रहता था। उसकी पत्नी सरकारी स्कूल में प्राचार्य है। सुजीत पर करीब 1 करोड़ रुपये का कर्ज हो गया था। उसने अपने मामा और एक दोस्त को लाखों रुपये उधार दिए थे, मगर उन्होंने नहीं लौटाए। इससे वह परेशान चल रहा था। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। नोट में सुजीत ने अपने मामा और एक दोस्त पर रुपये लेकर वापस नहीं करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है, शव का पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया है।

मृतक के साले सुधीर कुमार ने बताया कि जुलाई महीने में अपने मामा पर भरोसा कर सुजीत ने मकान निर्माण के लिए 50 से 60 लाख रुपये दिए थे। लेकिन, मामा ने धोखे से गलत जमीन दिलवाकर उसी पैसे से अपने नाम मकान लिखवा लिया और फरार होकर गुजरात चला गया। इसके अलावा, सुजीत ने नौकरी दिलाने के नाम पर एक दोस्त को 15 लाख रुपये उधार दिए थे। वह दोस्त फिलहाल दिल्ली सचिवालय में नौकरी कर रहा है, मगर उसने भी रुपये लौटाए।

## व्यापार

# सुंदरी सिल्क मुंबई में आयोजित करेगी 'साड़ियों का मेला'

**मुंबई।** चेन्नई स्थित कपड़ा कंपनी सुंदरी सिल्क 7 और 8 सितंबर, 2025 को मुंबईवासियों के लिए 'साड़ियों का मेला' आयोजित कर रही है। यह दो दिवसीय आयोजन कैश - द आर्ट एंड क्राफ्ट्स गैलरी, बांद्रा पश्चिम में सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में भारतीय वस्त्रों की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। पारंपरिक कांजीवरम सिल्क साड़ियाँ, विशेष दुल्हन के परिधान, साथ ही कांची कॉटन, माहेश्वरी और प्रिंटेड कॉटन की विविध किस्में उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही, ग्राहक आकर्षक रेडीमेड परिधान और चांदी के 'अथिराष्टम' आभूषणों की एक विशेष श्रृंखला भी देख सकेंगे, जो इस प्रदर्शनी को भारतीय कला और शिल्प कौशल का एक सच्चा उत्सव बना देगा। प्रदर्शनी के बारे में बात करते हुए सुंदरी सिल्क के मैनेजिंग पार्टनर मनमोहन राम ने कहा कि मुंबई ने हमेशा प्यार और सम्मान के साथ हमारा स्वागत किया है और हमें शहर में एक बार फिर 'साड़ी मेला' आयोजित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह प्रदर्शनी सिर्फ़ कपड़ों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि हमारी विरासत, कला और हथकरघा साड़ियों के शाश्वत आकर्षण का उत्सव है। हम मुंबई में अपने ग्राहकों से फिर से जुड़ने और सुंदरी सिल्क की हर रचना के पीछे की कहानियों को उनके साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं।

# अनिल अंबानी-आरकॉम की मुश्किलें बढ़ीं

■ एसबीआई और बीओआई के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने फ्रॉड घोषित किया

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली




भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उन पर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितंबर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, ₹इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।₹ आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

# उतार-चढ़ाव के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सपाट बंद हुआ बाजार



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। तेल व गैस और ऑटो शेयरों में बढ़त की भरपाई आईटी और एफएमसीजी शेयरों में गिरावट से हो गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 7.25 अंक या 0.01 प्रतिशत गिरकर 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयर लाभ में तथा 16 नुकसान में रहे। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में, सूचकांक बढ़त के साथ खुला, लेकिन देर सुबह के कारोबार में लाल निशान में फिसल गया। दोपहर के सत्र में यह 80,321.19 के निचले स्तर पर पहुंच गया, लेकिन बंद होने से पहले के सत्र में इसमें गिरावट कम हुई। दिन के उच्चतम और निम्नतम स्तर के बीच सूचकांक 715.37 अंक ऊपर-नीचे हुआ।

# 11 सितंबर को खुलेगा एयरफ्लो रेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड का IPO




**मुंबई।** एयरफ्लो रेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एयरफ्लो, कंपनी) भारतीय रेलवे द्वारा उपयोग किए जाने वाले रोलिंग स्टॉक के घटकों के निर्माण में लगी हुई है। कंपनी 11 सितंबर 2025 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 91.10 करोड़ जुटाना है, और इसके शेयर BSE SME प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू का आकार 65,07,000 इक्विटी शेयर है, जिनका अंकित मूल्य 10 प्रत्येक है, और कीमत सीमा 133 से 140 प्रति शेयर है। IPO से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय, हमारी कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधार के एक हिस्से की पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर हिस्सा बुधवार, 10 सितंबर 2025 को खुलेगा और इश्यू सोमवार 15 सितंबर 2025 को बंद होगा। एयरफ्लो रेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर वेंकटेशन दक्षिणामूर्ति ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय में बनाए गए मजबूत आधार और 37,588.65 लाख के मजबूत ऑर्डर बुक के साथ, एयरफ्लो रेल टेक्नोलॉजी इस प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से अपनी विकास की अगली PHASE में कदम रखने के लिए तैयार है।

# अजय पीरामल ने अनंत के नए संकाय और स्नातक आवास का किया अनावरण



**मुंबई।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष श्री अजय पीरामल ने 1 सितंबर 2025 को यूनिवर्सिटी नेतृत्व के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में अहमदाबाद में अनंत के नवीनतम भवन, संकाय और स्नातक आवास का उद्घाटन किया। यह आयोजन अनंत समुदाय के सदस्यों को एक जीवंत जीवन अनुभव प्रदान करने की यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रशंसित ऋषभ पारेख डिज़ाइन स्टूडियो (आरपीडीएस) द्वारा डिज़ाइन की गई इस नवनिर्मित सुविधा का निर्मित क्षेत्रफल 26,475 वर्ग मीटर है और इसमें स्टूडियो अपार्टमेंट और 1, 2 और 3 बीएचके घरों सहित 172 अपार्टमेंट शामिल हैं। यह एक सच्चा घर-से-दूर-घर जैसा है, जिसे बारीकी से और सावधानी से तैयार किया गया है। इस आवास में सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए कॉमन स्पेस, एक व्यायामशाला, योग कक्ष, कैफ़े और एक आगंतुक लाउंज भी है। सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यह आवास सभी कॉमन एरिया में सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित है और अनंत की समर्पित सुरक्षा टीम द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी की जाती है।

# श्रीप्रकाश केडिया फिर बने भारत मर्चेंट्स चेम्बर के ट्रस्टी



**मुंबई ।** श्रीप्रकाश केडिया को 2025-28 आगामी तीन वर्षों के लिए भारत मर्चेंट्स चेम्बर की वार्षिक साधारण सभा में चेम्बर का पुनः ट्रस्टी चुना गया है। केडिया चेम्बर के अध्यक्ष रह चुके है। व उन्हें आर्बिट्रेशन व कानून का जानकार माना जाता है। इस समय वो सेंट्रल रेलवे की सलाहकार समिति में भी है।

# अमेजन ने एक्सियो का अधिग्रहण पूरा किया

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अमेज़न ने यह घोषणा की है कि उसने भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) से नियामक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद भारत में अग्रणी डिजिटल ऋण और चेकआउट वित्त प्रदाता, एक्सियो (पहले कैपिटल फ्लोट) का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया है। भारत में अमेज़न के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक इस अधिग्रहण की बदौलत भारत में अपनी वित्तीय सेवाओं के विस्तार के लिए अमेज़न की प्रतिबद्धता को और मज़बूती मिली है। एक्सियो के साथ अमेज़न की मौजूदा साझेदारी भी है, जिसकी बदौलत छह वर्षों से अधिक समय से भारत में अमेज़न पे के लिए अभी खरीदें और बाद में भुगतान करें सेवाएं दी जा रही हैं।

**टेक इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम लॉन्च**

कंटेंट क्रिएटर्स को ऑनलाइन शॉपिंग में वृद्धि का फायदा उठाने में सक्षम बनाने के लिए अमेज़न इंडिया ने आज अपने टेक इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम (TIP) को लॉन्च करने की घोषणा की है।

इस प्रोग्राम के ज़रिए, अमेज़न सभी आकार के कंटेंट क्रिएटर्स को ऐसे टूल्स और संसाधन उपलब्ध करवाएगा, जिनसे वे ऐसा कंटेंट बना सकें जो ग्राहकों को स्मार्टफ़ोन, लैपटॉप, कैमरा आदि उत्पादों की खरीदारी में मदद करे। नई दिल्ली में आयोजित अमेज़न बेस्ट इन टेक अवाड्र्स में इस प्रोग्राम की घोषणा हुई। यह प्रोग्राम क्रिएटर्स को अपने फॉलोअर्स के लिए खरीदारी को आसान बनाने के साथ-साथ अपने कंटेंट से कमाई करने में मदद करेगा।

**टॉप फेस्टिव ट्रेंड्स पेश**

त्योहारी सीज़न शुरू होते ही ग्राहक अपने जश्न के तरीकों को नए सिरे से सोच रहे हैं— ऐसे स्मार्ट और प्रीमियम चुनाव कर रहे हैं जो हर लुक को पर्सनल, स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हैं। स्टेटमेंट मिनी बैग्स और फाइन ज्वेलरी से लेकर टेक-स्मार्ट लगेज तक, प्रीमियम फैशन इस सीज़न के 'मस्ट-हैव' बन गए हैं। अमेज़न फैशन ग्राहकों को शानदार मूल्य, भरोसेमंद सुविधा और तेज़ डिलीवरी के साथ ग्लोबल और घरेलू ब्रांड्स का विस्तृत, क्यूरेटेड चयन उपलब्ध कराते हुए इस बदलाव को सक्षम बना रहा है ताकि पूरे भारत के ग्राहक त्योहारी सीज़न को आसानी, आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ मना सकें।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में इंडस टावर्स ने दी गति

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी दूरसंचार अवसंरचना कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स लिमिटेड ने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम 'सक्षम' और 'प्रगति' के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.73 मिलियन से अधिक जीवनों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हुए समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी की सीएसआर रणनीति भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और स्किल इंडिया के साथ गहराई से जुड़ी हुई है तथा यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों में भी सार्थक योगदान देती है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# शिक्षक दिवस पर सीएम योगी ने प्रदेश के 81 अध्यापकों का किया सम्मान

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लोकभवन में शाम 4.00 बजे से शुरू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



इस मौके पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन काफी प्रेरणादायी है। आज हम लोग डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मना रहे हैं। उनके योगदान को याद कर रहे हैं। शिक्षकों को सिर्फ सम्मानित ही नहीं, उनकी निष्ठा और योगदान को प्रणाम करने के लिए यह कार्यक्रम है। राधाकृष्णन राष्ट्र के शिल्पकार भी हैं। उस दीपक की तरह जो खुद को जलाकर दूसरे का रास्ता प्रशस्त करते हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई गुल्लक किताब बच्चों की कल्पनाशक्ति को नया आयाम देगी। बाल वाटिका हस्त पुस्तिका का भी विमोचन होगा। आज का दिन उन गुरुओं के आदर, सम्मान का अवसर। सिर्फ किताबी जान ही नहीं, उनको जीवन, भविष्य के लिए तैयार किया है। हमारे व्यक्तित्व को भी आकार देने का काम करते हैं। विभाग को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। शिक्षा की नई अलख जगाई है पिछले आठ साल में। बेसिक शिक्षा विभाग की छवि बदली है। प्रदेश में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बिना भेदभाव के दे रहे हैं। डिजिटल शिक्षा, nep के तहत नए प्रयोग, लर्निंग बाई डूइंग को प्रयोग कर रहे सभी बेसिक सुविधा दे रहे हैं। बच्चे स्मार्ट क्लास, टैबलेट से पढ़ाई। बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर। भी लागू कर रहे हैं। कक्षा 4 तक अगले साल लागू करेंगे। आठ तक ले जायेंगे।

## हर समस्या का कराएंगे समाधान सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए।

# भूटान के प्रधानमंत्री टोबगे ने रामलला के किए दर्शन

## मंदिर की नक्काशी को सराहा, अपनी मोबाइल से निकाली तस्वीरें

महानगर नेटवर्क

अयोध्या

राम मंदिर से पांच सितंबर को इतिहास का नया अध्याय जुड़ गया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद पहले विदेशी प्रधानमंत्री के रूप में भूटान के पीएम दासो शेरिंग टोबगे ने अपनी धर्मपत्नी के साथ रामलला के दर्शन किए।

भूटान के प्रधानमंत्री शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे अपने तय कार्यक्रम के अनुसार भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से बिहार के गया से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही समेत विदेश मंत्रालय, शासन, प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से सीधे राम मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान थोड़ी देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया। भूटान के पीएम सुबह 10:00 बजे राम मंदिर पहुंचे। करीब एक घंटे 40 मिनट के राम मंदिर प्रवास में उन्होंने रामलला और राम दरबार के दर्शन किए। इसके साथ ही कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडपम के मंदिरों में भी दर्शन पूजन किया। उन्होंने लोअर प्लिंथ के चारों ओर लगने वाले म्यूरल के साथ परकोटा की दीवार पर लगने वाले ब्रांज के म्यूरल को भी निहारा। इस दौरान मोबाइल से रामजन्मभूमि परिसर की तस्वीरें कैद करते रहे। राम मंदिर की नक्काशी उनको अच्छी लगी।



### GST संशोधन पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद बोले-

# किसानों और आम जनमानस को कोई राहत नहीं



महानगर नेटवर्क

अयोध्या

यूपी के अयोध्या में समाजवादी पार्टी से सांसद अवधेश प्रसाद ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी संशोधन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में जीएसटी में राहत देना चाहती है तो सबसे पहले किसानों पर लग रहे कर को हटाए। किसान आज भी खाद, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर जीएसटी चुकाने के लिए मजबूर हैं। यह उनके ऊपर अतिरिक्त बोझ है, जबकि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है।

सांसद ने कहा कि इस संशोधन से आम जनमानस को कोई राहत नहीं मिल रही है। यदि सरकार की नियत साफ है तो उसे उन वस्तुओं पर जीएसटी हटाना चाहिए, जिनका उपयोग आम लोग करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावा कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि गरीब और किसान लगातार परेशान हैं। अवधेश प्रसाद ने अफसोस जताते हुए कहा कि इस सरकार में तो कफन पर भी जीएसटी लगाया गया है।

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य बोले

# सपा के पास दुष्प्रचार के अलावा कोई मुद्दा नहीं

महानगर नेटवर्क

प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रयागराज में थे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने को कहा।

केशव मौर्य बोले कि कार्यकर्ता विपक्ष के दुष्प्रचार को नाकाम करें। साथ ही उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने जा रही है। सपा के पास दुष्प्रचार के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य जिला पंचायत सभागार में आयोजित शिक्षकों के सम्मान समारोह में शामिल होने से पूर्व सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से संवाद किया। इस दौरान कहा, जनता कमल के निशान के साथ है।



शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बोले, व्यक्ति के जीवन की पहली गुरु मां होती है। उसके बाद शिक्षकों के सान्निध्य में आगे बढ़ते हैं। राष्ट्र और समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाने वाले गुरुजन हैं। उनका हमेशा शीश नवाकर नमन करता हूं। जीएसटी के नए स्लैब के संदर्भ में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से किया गया वायदा पूरा कर दिया। जीएसटी के नए स्लैब से सभी को लाभ होगा। नई दरें 22 सितंबर से लागू हो रही हैं। विश्व जताया कि भविष्य में भारत विश्व की आर्थिक, सामरिक शक्ति बनेगा। इसके लिए हम सब को स्वदेशी अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, हिमाचल, राजस्थान जैसे राज्य बाढ़ से जूझ रहे हैं लेकिन भारत हर स्थिति से निपटने में सक्षम है। उप मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा चलेगा। संगठनात्मक कार्यक्रम के अलावा सभी लोग पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें। सपा पर निशाना साधते हुए केशव बोले, उस समय किडनेपिंग, गुंडागर्दी, जमीन कब्जा जैसी घटनाएं आम थी। यदि सपा की सरकार बनी तो फिर इन्हीं चीजों को झेलना होगा। दावा किया कि बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनने जा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वार्ड 48 अलोपीबाग के वरिष्ठ पार्षद उमेश मिश्रा व भाजपा कार्यकर्ता सुभाष वैश्य के पुत्र व महेंद्र तिवारी के पुत्र के निधन की पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की। कहा, ये सभी लोग पार्टी के कर्मठ सदस्य रहे।

# टोटी कांड अवनीश अवस्थी ने कराया : अखिलेश यादव

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

यूपी में 2017 में योगी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री आवास से टोटी गायब होने का मामला सुर्खियां बना और भाजपा ने टोटी चोरी का आरोप लगाते हुए इसे बहुत बड़ा मुद्दा बनाया था। एक बार फिर इस मुद्दे को भाजपा विधायक केतकी सिंह ने उभारा तो अखिलेश यादव भी भाजपा पर बरस पड़े हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आईएएस अवनीश अवस्थी ने पूरा कांड कराया था। एक प्रतिष्ठित अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में इसका खुलासा हो चुका है। हम पर आरोप लगे कि हम टोटी लेकर गए हैं। हमारे घर को गंगा जल से धुलवाओगे। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह बात आप भूल सकते हो हम नहीं भूल सकते हैं।



अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ के सपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इसी दौरान केतकी सिंह के बयान और उसके बाद सपा छात्र सभा का उनके घर पर प्रदर्शन के मामले में सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि आईएएस अवनीश अवस्थी और एक दूसरे ओएसडी आईएएस कौशिक, जो भाग गया। इन लोगों ने पूरी साजिश की। यह बात हम भूलने वाले नहीं हैं। यह बात सरकार भी जान ले और सरकार चलाने वाले भी जान लें।

# धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का दूसरा मदरसा भी अवैध

## सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस

महानगर नेटवर्क

बरेली

बरेली में धर्म परिवर्तन गिरोह का दूसरा मदरसा भी जांच में अवैध निकला। पहले भुता के मदरसे का रिकॉर्ड नहीं मिला था, अब करेली के मदरसे का भी ऐसा ही हाल सामने आया है। पुलिस दोनों मदरसों की कमेटियों में शामिल सदस्यों की तलाश कर रही है। दस दिन पहले धर्मांतरण मामले में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने खुलासा कर चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। अलीगढ़ निवासी अखिलेश कुमारी ने इस मामले में भुता थाने में रिपोर्ट कराई थी। वहां के फैजनगर गांव के मदरसे से जुड़े मामले में उनके जन्मांध बेटे जीआईसी प्रवक्ता प्रभात उपाध्याय को दूसरी शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मदरसा संचालक आरोपी अब्दुल मजीद, सुभाषनगर के करेली निवासी सलमान, मोहम्मद आरिफ और सैदपुर चुन्नीलाल भोजीपुरा निवासी मोहम्मद फईम जेल भेजे गए थे।



### महमूद बेग को अब तक नहीं पकड़ सकी पुलिस

धर्मांतरण मामले के पांचवें आरोपी रहपुरा चौधरी गांव निवासी महमूद बेग को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस उसे वांछित बता रही है, वहीं उसकी पत्नी ने उसे पुलिस की हिरासत में होने का आरोप लगाकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की है। आरोप लगाया कि 20 अगस्त को सादा कपड़ों में आई पुलिस उनके पति को ले गई थी। उन्हें डर है कि पुलिस उनका एनकाउंटर न कर दे।

# नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास ने पैरोल लेकर की शादी

महानगर नेटवर्क

गाजियाबाद

बहुचर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी और यूपी के पूर्व मंत्री डीपी यादव के बेटे विकास यादव ने पैरोल लेकर शादी कर ली है। विकास यादव ने गाजियाबाद के राजनगर निवासी हर्षिका यादव से विवाह रचाया।

गौरतलब है कि विकास यादव वर्ष 2002 में हुए चर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में 25 साल की सजा काट रहा है। इस मामले ने देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं। अब तक वह जेल में रहते हुए 23 साल से अधिक की सजा पूरी कर चुका है। विकास यादव की शादी की खबर सामने आते ही यह फिर चर्चा का विषय बन गया है। यह मामला साल 2002 का है, जब नीतीश कटारा हत्याकांड का कथित तौर पर विकास यादव की बहन भारती यादव के साथ प्रेम प्रसंग था। इसी वजह से 16-17 फरवरी 2002 की रात नीतीश को एक शादी समारोह से अगवा कर उसकी हत्या कर दी गई। विकास, विशाल और सुखदेव यादव को इस सनसनीखेज हत्या में दोषी ठहराया गया था।



# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों को मिलेगा राज्यकर्मी का दर्जा

महानगर नेटवर्क

वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर में अब कर्मचारी सेवा नियमावाली को न्यास ने अनुमति दे दी है। नई नियमावली में अब मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा मिल जाएगा और इसके साथ उनकी सैलरी भी तीन गुना तक बढ़ जाएगी।

मंदिर के अर्चकों को फिलहाल 30 हजार तक वेतन मिल रहा था जो अब अनुमोदन के बाद तीन गुना तक बढ़ जाएगा। इसके साथ ही अर्चकों को चार दशक के बाद शुभ सूचना मिली है। प्रदेश सरकार की ओर से मंदिर का वर्ष 1983 में अधग्रिहण किया गया था। इसक बाद से ही मंदिर में अर्चकों की सेवा और उनको अन्य वेतन लाभ को लेकर कुछ खास प्रगति नहीं हो सकी थी। वेतन में वृद्धि के साथ ही अर्चकों को अन्य लाभ भी प्राप्त होंगे। इसके अलावा श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की मीरजापुर के ककरही स्थित भूखंड पर वैदिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बनाया जाएगा। वहां पर मंदिर की 46 बीघा जमीन है। गुरुवार को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद की कमिश्नरी सभागार में हुई 108वीं बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बनी है।



# जल विहार उत्सव में पीएम मोदी और योगी की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

महानगर नेटवर्क

रायबरेली

जिले में खीरों कस्बा का 85वां जल विहार कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसमें रथों व लगभग 60 वाहनों पर सवार होकर लगभग 100 सजीव झांकियां निकाली गईं। इनमें भगवान कृष्ण व बलराम, कृष्ण-अर्जुन, दही मटकी, कंस, मंत्री, रावण व महामंत्री, गणेश लक्ष्मी, भगवान शंकर पार्वती, भारत माता, कृष्ण सुदामा, शिवलिंग के साथ अघोरी, कंस मंत्री का मंच, छीर सागर मंच, झूला में राधा कृष्ण, साधु व कॉमेडी, यमराज -चित्रगुप्त, गोवर्धन पर्वत, पुष्पक विमान, भगवान राम के रूप में सजी झांकियां शामिल रहीं। झांकियां रामलीला कमेटी के अध्यक्ष महेश प्रसाद शर्मा के दरवाजे से निकलकर पुरानी बाजार, पाहो तिराहा, मुख्य चौराहा होते हुए शास्त्री नगर पहुंचीं। वहां से वापस आते हुए पक्का तालाब पहुंचीं। वहां पर नाव में सवार भगवान कृष्ण द्वारा पहले कालिया नाग का मंचन किया। इसके बाद कंस वध लीला का मंचन किया गया। जल विहार में आदर्श राम लीला कमेटी खीरों के कलाकार रमेश गुप्ता, देवेंद्र कुमार सविता, बच्चन शुक्ला, मयंक द्विवेदी, रोहित चौधरी अन्य के द्वारा सजीव झांकियों में विभिन्न भूमिका निभाई गई।

# ओपी राजभर के बयान पर बेटे अरविंद ने दी सफाई

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर की 'असंवेदनशील व अभद्र टिप्पणी' के विरोध में उनके आवास के बाहर प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया और उनके आवास के बाहर ईंट-पत्थर फेंके हैं। मंत्री के इस बयान के बाद प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं में भारी गुस्सा भी देखने को मिला है वहीं उन्होंने राजभर के इस्तीफे की मांग कर दी है।

ओपी राजभर के बयान पर मामला गरमाने के बाद अब इसी बीच उनके बेटे अरविंद राजभर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि ओमप्रकाश राजभर के बयान में उनके द्वारा ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं दिख रहा है जिसमें छात्रों और बच्चों को गुंडा बताया गया हो।



ओम प्रकाश राजभर के विवादित बयान पर बात करते हुए अरविंद राजभर ने कहा है कि ओपी राजभर से एक पत्रकार ने सवाल किया था कि रामस्वरूप विश्वविद्यालय में बच्चों के साथ पुलिस ने जो पुलिसिया तांडव किया, बर्बरता की, लाठीचार्ज की, उसको आप किस प्रकार से देखते हैं? इस पर ओमप्रकाश राजभर के बयान को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि इसमें मंत्री ने कहा कि बच्चे अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं और बच्चों पर लाठियां भांजना किसी भी एंगल से न्यायसंगत नहीं है।

वहीं उन्होंने आगे बताया कि ओपी राजभर ने कहा कि कानून का राज है और सीएम योगी की सरकार है वह हमेशा इस बात को कहते हैं कि कोई भी कानून को हाथ में लेने का काम करेगा तो पुलिस अपना कार्य करेगी तो कहीं न कहीं ओम प्रकाश राजभर द्वारा ऐसे शब्दों का प्रयोग तो नहीं किया गया है जिसमें बच्चों को और छात्रों को गुंडा बता दिया गया हो। वहीं उन्होंने आगे कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को मैं छात्र जीवन से जानता हूं और इनका व्यवहार कभी भी उग्र आंदोलन का नहीं रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि ओपी राजभर द्वारा ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया था।

# फौजियों और पुलिस के बीच मारपीट मामले में हुआ समझौता

महानगर नेटवर्क

अलीगढ़

विगत 30 अगस्त को दो फौजियों और पुलिस के बीच मारपीट के मामले में अलीगढ़ पुलिस ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि पुलिस कर्मियों एवं दूसरे पक्ष के फौजियों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया है। पुलिस कर्मियों द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में प्रचलित अभियोगों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। अलीगढ़ के अतरौली कस्बा पुलिस चौकी में दो सैन्य कर्मी भाइयों अजीत सिंह व अनिल सिंह की 30 अगस्त को दो दरोगाओं से मारपीट और पुलिस कार्रवाई पर 31 अगस्त सुबह भीड़ भड़क गई। परिजनों की दोनों भाइयों से मुलाकात न कराने व इकतरफा कार्रवाई के मुद्दे पर भीड़ ने थाने का घेराव कर लिया था। इस बीच जबरदस्त हंगामा, नारेबाजी-नोकझोंक हुई थी।दिल्ली-मथुरा से सेना के अधिकारी भी पहुंचे थे। पहले अधिकारियों से वार्ता हुई, बाद में एसएसपी ने जब वीडियो साक्ष्य दिखाए, तब सभी शांत हुए।



# नशे में चूर पुलिसकर्मियों ने पुलिस लाइन में मचाया उत्पात, चार सस्पेंड

**बागपत।** जिले की पुलिस लाइन में शराब पार्टी के बाद नशे में चूर होकर चार पुलिसकर्मियों ने दो दिनों तक जमकर उत्पात मचाया। चारों पुलिसकर्मियों ने बैरक में भी गंदगी फैलाई। इसका पता तब चला जब आरआई राधेश्याम निरीक्षण करने के लिए बैरक पहुंचे। आरोपी पुलिसकर्मियों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। रिपोर्ट में शराब पीने की पुष्टि हुई, जिसके बाद एसपी ने चारों पुलिस कर्मियों की विभागीय जांच शुरू कराते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया। साथ ही चारों पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर पूर्वांचल किए जाने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्राचार कर दिया है। बागपत की रिजर्व पुलिस लाइन में सैकड़ों पुलिस कर्मी रहते हैं। कुछ पुलिस कर्मी तो अपने परिवारों के साथ भी रहते हैं। इतना ही नहीं प्रक्षिशु पुलिस कर्मी भी पुलिस लाइन में ट्रेनिंग ले रहे हैं। ऐसे में पुलिस लाइन में तैनात चार पुलिसकर्मियों ने पहले तो अपनी बैरक में शराब पार्टी की।

# गंगा और यमुना के जलस्तर में फिर शुरू हुई वृद्धि

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना का जलस्तर बृहस्पतिवार को पूरे दिन स्थिर रहा। हालांकि पीछे से काफी पानी आ रहा है। ऐसे में दोनों नदियों के जलस्तर में एक से डेढ़ मीटर तक बढ़ोतरी के आसार हैं। पहाड़ों पर और मध्य प्रदेश में लगातार बारिश जारी है। इससे कछारी इलाकों में बसे लोगों के साथ प्रशासन की भी चिंता बढ़ गई है। जलस्तर में वृद्धि अधिक हुई तो संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमानजी पांचवीं बार स्नान कर सकते हैं।

सिंचाई विभाग की बृहस्पतिवार शाम की रिपोर्ट के अनुसार फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 81.48 मीटर रहा। यही जलस्तर सुबह आठ बजे भी था। इसी तरह से यमुना का जलस्तर शाम चार बजे 80.95 मीटर दर्ज किया गया जो सुबह आठ बजे भी यही था। हालांकि आगे आसार अच्छे नहीं हैं। हथिनी कुंड बैराज से ढाई लाख क्यूसेक लीटर से अधिक पानी आ रहा है। गंगा में भी पीछे से चार लाख क्यूसेक लीटर से अधिक पानी आ रहा है। दोनों ही नदियों में पीछे से छोड़ा गया पानी यहां पहुंचने लगा है और अब जलस्तर में वृद्धि होगी।

सिंचाई विभाग के अफसरों का कहना है कि अभी जो पानी आ रहा है, उससे दोनों नदियों के जलस्तर में एक से डेढ़ मीटर वृद्धि के आसार हैं। यानी, बस्तियों में पानी घुसने के आसार नहीं हैं लेकिन पहाड़ों पर लगातार बारिश हो रही है। पहाड़ी नदियां उफान पर हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश में भी बारिश जारी है। चंबल में भी तेजी से पानी बढ़ रहा है। इन वजहों से दोनों नदियों के जलस्तर में और वृद्धि के आसार हैं। इसे लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया है।

## वृंदावन में हजारों लोग बाढ़ से प्रभावित बेघर

महानगर नेटवर्क

मथुरा

इन दिनों वृंदावन में यमुना ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। यमुना के बढ़ते कदमों से लोग चिंतित हैं। तेज गति से पंख फैलाती यमुना नदी घाटों से निकलकर कॉलोनियों और सड़कों पर नजर आ रही है। कई घाटों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर वहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कोई हादसा नहीं हो जाए। अब तक बाढ़ से प्रभावित दर्जनों कॉलोनियों से डेढ़ हजार से अधिक लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया है। वहीं पशुओं को भी सुरक्षित आसरा दिया है। वृंदावन में यमुना के बढ़ते जलस्तर ने घाटों, कॉलोनियों और संकरी गलियों को जलमग्न कर दिया है। निचले इलाकों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। प्रशासन ने कई घाटों पर बैरिकेडिंग की है और पीएसी की तैनाती के साथ राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है। पहले तो केसी घाट को बंद किया गया था, लेकिन अब देवराहा बाबा घाट को भी बंद कर दिया है। जगन्नाथ घाट और कालिदह मार्ग में सड़कें यमुना के पानी से लबालब हो रही हैं। यहां भी प्रशासन ने बैरियर लगा दिए हैं। भक्ति विहार, घनश्याम वाटिका, श्रीजी वाटिका, टटिया स्थान की गोशाला, श्याम नगर, केशव नगर, अक्रूर धाम, मोहिनी नगर आदि क्षेत्रों के हालात खराब हो रहे हैं।



# मंडराते ड्रोन देख ग्रामीणों में डर, सारी रात किया पीछा

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के खेतासराय क्षेत्र के कलापुर, बिसवां, अर्जनपुर और टिकरी खुर्द गांवों में बुधवार की रात अचानक संदिग्ध ड्रोन कैमरे उड़ते देख अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने लगभग पांच की संख्या में मंडराते ड्रोन देखे तो घरों से बाहर निकल आए और लाठी-डंडा लेकर उनका पीछा करने लगे। ग्रामीणों के मुताबिक, रात करीब आठ बजे सबसे पहले कलापुर गांव के ऊपर ड्रोन मंडराते दिखे। इसके बाद यही ड्रोन आसपास के गांवों में भी दिखाई दिए। अंधेरे में उड़ते ड्रोन से दहशत फैल गई और लोग टोली बनाकर बाइक व पैदल देर रात तीन बजे तक गांव की गलियों और खेतों में उनकी तलाश करते रहे। कलापुर निवासी गिरीश राजभर का कहना है कि रात में ड्रोन का उड़ना सच है, अगर यह सर्वे है तो दिन में होना चाहिए या पहले से सूचना दी जानी चाहिए। वहीं बिसवां के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद समीर ने कहा कि आधी रात में ड्रोन उड़ा कर भय पैदा करना उचित नहीं है, प्रशासन को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

# भारत की शिकायत लेकर जिनपिंग के पास गए थे नेपाली PM

## मिला ऐसा जवाब कि शायद ही अब जाएं

महानगर नेटवर्क

**बीजिंग**

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ समिट में लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली को उम्मीद थी कि भारत की शिकायत लेकर चीन के पास पहुंचे नेपाली पीएम को समर्थन मिलेगा, लेकिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऐसा जवाब दे दिया, जिसके बाद ओली अब शायद ही दोबारा ऐसा कदम उठाएं। जिनपिंग ने ओली से साफ तौर पर कह दिया कि यह मामला नेपाल और भारत के बीच का है, ऐसे में वह इसमें दखल नहीं देंगे और भारत-नेपाल को ही इसे सुलझाना होगा। दरअसल, हाल ही में उत्तराखंड की सीमा पर स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन में व्यापार को लेकर सहमति बनी है, जिससे नेपाल नाराज है।



एससीओ समिट में नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के सामने दावा किया कि लिपुलेख नेपाल का इलाका है। यह पिछले दस सालों में पहली बार था, जब किसी नेपाल के नेता ने जिनपिंग के सामने ऐसा दावा किया हो। नेपाल के दूतावास ने बयान में कहा, "लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच बनी सहमति का जिक्र करते हुए ओली ने कहा कि यह नेपाल का इलाका है। उन्होंने भारत-चीन में बनी सहमति का विरोध भी किया।" नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय ने वह बात बताई जो ओली के साथ बैठक में जिनपिंग ने कही। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि लिपुलेख एक पारंपरिक सीमा दर्रा है और इसके संचालन के लिए एक समझौता किया गया है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन चूंकि सीमा विवाद भारत और नेपाल के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, इसलिए इसे दोनों पक्षों को सुलझाना होगा।

# भारत ने हमेशा सबको शरण दी, फिर नास्तिकों को क्यों नहीं?

## • तस्लीमा नसरीन का ट्वीट वायरल



महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

बांग्लादेश की मशहूर लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता तस्लीमा नसरीन ने नास्तिकों को लेकर एक गंभीर मुद्दा उठाया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदू, बौद्ध, ईसाई तो अत्याचार झेलते ही हैं, लेकिन सबसे बुरा हाल उन लोगों का है जो धर्म पर सवाल उठाते हैं, इस्लाम की आलोचना करते हैं या नास्तिक हैं। नसरीन ने ट्वीट में लिखा कि नास्तिक और फ्री-थिंकर्स पर इस्लामी कट्टरपंथियों और जिहादियों का सीधा हमला होता है। कई को खुलेआम दिनदहाड़े मौत के घाट उतारा गया। कई लोग छिपकर या चुप रहकर जीने को मजबूर हैं। कई तो जान बचाने के लिए देश छोड़कर भागे। उनके मुताबिक ऐसे अधिकतर लोग मुस्लिम परिवारों में पैदा हुए लेकिन इस्लाम की आलोचना इसलिए करते हैं ताकि समाज को अंधविश्वास और कट्टरता से बचा सकें। तस्लीमा का कहना है कि इनमें से कई लोग भारत आए, लेकिन यहां भी उन्हें स्थायी आश्रय नहीं मिला। मजबूर होकर कुछ लोग नेपाल चले गए पर वहां भी न तो नागरिकता मिली और न काम करने का हक। नसरीन ने बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि भारत ने हमेशा किसी न किसी को शरण दी है, पारसियों को, यहूदियों को, दलाई लामा और उनके अनुयायियों को शरण दी है। आज भी यहां 40 हजार रोहिंग्या और पाकिस्तान-अफगानिस्तान से आए मुसलमान रह रहे हैं तो फिर बांग्लादेश के नास्तिक विचारकों के लिए दरवाजे क्यों बंद हैं?

*ऑपरेशन सिंदूर के बाद*

# पहली बार आमने सामने होगी भारत और पाक की फौज

## रूस में हो रहा मल्टी नेशनल सैन्य अभ्यास

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

भारत और रूस के बीच राजनयिक, सामरिक और व्यापारिक रिश्तों का एक लंबा इतिहास है। दिन-ब-दिन ये रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं। सामरिक रिश्तों को और मजबूत करने के लिए दो बड़े सैन्य अभ्यास किए जा रहे हैं। एक रूस में आयोजित हो रहा है जिसका नाम है ZAPAD और अगले महीने भारत में सैन्य अभ्यास इंद्रा आयोजित किया जा रहा है। खास बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार रूस में भारत और पाकिस्तानी सेना आमने-सामने होगी। इस मल्टी नेशनल अभ्यास में कुल 20 देशों की सेना हिस्सा ले रही है, जिसमें चीन भी शामिल है। भारत की तरफ से 70 सदस्यीय दल सोमवार तक रवाना होने की संभावना है। यह अभ्यास 1 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा। आमतौर पर इस तरह के अभ्यास में भाग लेने वाले देशों को अलग-अलग ग्रुप में बांटा जाता है। चीन और पाकिस्तान एक ग्रुप में होते हैं, जबकि भारत अलग ग्रुप में।



### अक्टूबर में होगी रूस के साथ इंद्रा अभ्यास

भारत और रूस कई साझा और मल्टीनेशनल सैन्य अभ्यास आयोजित करते हैं जैसे सैन्य अभ्यास इंद्रा, मिलन, वोस्टोक, ज़पाड, मक्स, SCO पीस मिशन और आर्मी गेम। इस साल इंद्रा अभ्यास भारत में आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास के लिए रूस की सेना अगले महीने भारत आने वाली है। इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग, समन्वय और इंटरऑप्रेबिलिटी को बढ़ाना है। इसकी शुरुआत साल 2003 में हुई थी। पहले यह अभ्यास नेवी के बीच शुरू हुआ था, लेकिन बाद में इसमें आर्मी और एयरफोर्स को भी शामिल किया गया। साल 2010 के बाद से यह लगातार हो रहा है। इस अभ्यास के मुख्य एजेंडे में आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन, समुद्री सुरक्षा, साझा रणनीति और आपदा प्रबंधन शामिल हैं।

# भुवनेश्वर में नहीं उतर सका सीएम मोहन चरण माझी का विमान

## एयर इंडिया ने खराब मौसम को बताया कारण



महानगर नेटवर्क

**भुवनेश्वर**

ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी को लेकर जा रहा एक विमान भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर में नहीं उतर सका। खराब मौसम की वजह से विमान की लैंडिंग में काफी परेशानी हुई, जिसके बाद विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। भुवनेश्वर हवाई अड्डे के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने बताया कि खराब मौसम के कारण ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को लेकर जा रहे विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एयर इंडिया की उड़ान (AI 473) में सवार हुए थे, जो कोलकाता हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और दोपहर 1:00 बजे भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर उतरने वाली थी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 5 सितंबर को दिल्ली से भुवनेश्वर जाने वाली उड़ान संख्या AI473, जब अपने गंतव्य के करीब थी, तो भुवनेश्वर में खराब मौसम के कारण हवाई यातायात नियंत्रण द्वारा उसे कोलकाता की ओर मोड़ने का निर्देश दिया गया। विमान को भुवनेश्वर के लिए रवाना करने से पहले कोलकाता में ईंधन भरा गया, जहां विमान 12:59 बजे उतरा। ओडिशा के शहरी विकास मंत्री के. सी. महापात्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि खराब मौसम के कारण विमान यहां एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका और उसे कोलकाता भेज दिया गया।

इससे पहले आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की IX2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया था। यह घटना प्लेन के टेक ऑफ करने से पहले की है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8:15 बजे का था। विमान को 9:40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित रहे। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले चार दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई। इससे पहले नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो 6E812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया था। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। विमान में 272 यात्री सवार थे।

# 5वीं जनरेशन के विमान के इंजन अमेरिका से लेगा भारत

## 14000 करोड़ की डील, अमेरिकी कंपनी 80% तकनीक देने को भी तैयार

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

टैरिफ वॉर की तल्खी के बीच भारत की विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (GE) के बीच जेट इंजन को लेकर कई रक्षा सौदे फाइनल स्टेज में हैं। HAL सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ा सौदा जेट GE 414 इंजन का होने जा रहा है। यह इंजन भारत के 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान एम्का (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) में लगेगा। GE ने इस इंजन की 80% तकनीकी ट्रांसफर की HAL की शर्त मान ली है। सौदे में यह तय होना है कि GE इस इंजन के बाकी पार्टनर्स के साथ तकनीक ट्रांसफर की सहमति खुद लेगी या HAL को बातचीत में सहयोग देगी। इस करार के बाद GE-414 इंजन का प्रोडक्शन भारत में हो सकेगा। HAL 10 GE-414 इंजन खरीद चुकी है, ताकि एम्का का विकास न रुके। कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति ने 19 अगस्त को वायुसेना के लिए 97 तेजस LCA MK1 विमानों की खरीद को मंजूरी दी। इस पर 66500 करोड़ खर्च होंगे। इसके लिए HAL 113 इंजन GE से खरीद रही है। इसके पहले 83 LCA MK1 का ऑर्डर HAL के पास है। इस सौदे के 2 विमान अक्टूबर में वायुसेना को सौंपे जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नासिक में इन विमानों का वायुसेना को देंगे। सूत्रों ने बताया कि यह फाइटर हवा से सतह से मार करने वाली शॉर्ट रेंज से लेकर बियोंड विजुअल रेंज की मिसाइलों से लैस हैं और इनकी परीक्षण उड़ानें हो चुकी हैं।



# गणेश सवारी में लव जिहाद की झांकी पर फेंके पत्थर

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के महिदपुर में गणेश जी की सवारी निकालने के दौरान पथराव की घटना सामने आई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा और अतिरिक्त बल तैनात कर दिया। जानकारी के मुताबिक सवारी में लव जिहाद से जुड़ी झांकी शामिल थी, जिस पर वर्ग विशेष ने आपत्ति जताई। बताया जा रहा है कि जब सवारी मोती मस्जिद के पास से गुजर रही थी, तभी झांकी में शामिल लोगों पर कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया।

फिलहाल महिदपुर में भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ में शिक्षकों को निशाना बना रहे माओवादी

## 6 से ज्यादा हत्याओं के चलते सहमे टीचर्स

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ में माओवादियों ने शिक्षकों के बीच नया खौफ पैदा कर दिया है। इसी हफ्ते माओवादियों ने बीजापुर के लेंड्रा गांव में एक 25 साल के शिक्षा दूत कल्लू ताती की हत्या कर दी। इस साल कुछ इसी तरह माओवादियों ने अब तक 6 शिक्षादूतों की हत्या की है। माओवादियों को शक है कि ये शिक्षादूत पुलिस की तरफ से प्लांट किए गए मुखबिर हैं। शिक्षादूत योजना के लिए आवेदकों का 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस योजना के तहत नियुक्त शिक्षकों को जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) निधि से 12,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाता है। शिक्षादूतों की नियुक्ति ग्राम पंचायत के माध्यम से की जाती है और उनकी उपस्थिति सत्यापित होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा भुगतान किया जाता है। शिक्षा के विस्तार और रोजगार के इस साधन पर अब संकट के बादल हैं, क्योंकि शिक्षा दूत बनना लोगों के लिए असमंजस का विषय बन गया है। ऐसे ही शिक्षा दूत गंभीर तेलम है जो कि छत्तीसगढ़ के शिक्षादूत (अस्थायी शिक्षक) संघ के नेता है गंभीर तेलम मानते हैं कि उनके सामने एक बहुत ही मुश्किल विकल्प है, या तो अपनी नौकरी जारी रखें और माओवादियों द्वारा मारे जाने का जोखिम उठाएं, या नौकरी छोड़कर गरीबी का सामना करें। तेलम ने कहा कि उन्होंने बीए की डिग्री हासिल की है लेकिन अब वे माओवादियों के निशाने पर आ गए हैं। एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि माओवादी हमसे पूछताछ करते हैं और हमें धमकाते हैं।




Adarsh Shikshan Mandal's

**IDEAL COLLEGE OF PHARMACY & RESEARCH**

Institute Code PH-3238 (NBA Accredited)

**Bachelor of Pharmacy**

(Hindi Linguistic Minority Institute)

(Approved by PCI New Delhi, Recognised by Govt. of Maharashtra & Affiliated to University of Mumbai)
Adarsh Vidya Nagari, 21/11, Bhal, Post: - Dwarli, Malang Road, Kalyan-(E), Dist: - Thane.
Pin: 421306. Ph. No. 7718838222, Email : principal@icpridealcollege.in, Web : icpridealcollege.in

**Direct Second Year Admission Notification 2025-26**

Applications are invited from eligible Candidates for admission to 4 years B. Pharm Course for Vacant Seats after IV Round of Centralized Admission Process of MHCET for Academic Year 2025-26

Candidates should be registered online on http://cetcell.mahacet.org and verified & confirmed the documents at Scrutiny Centre.

**Admission Schedule**

| | | |
|---|---|---|
| Issue and Submission of Forms along with document verification | : | 08/09/2025 To 09/09/2025. |
| Display of Final Merit List | : | 10/09/2025 at 12.00 noon. |
| 1st Round Admission | : | 11/09/2025 & 12/09/2025. |

Application forms are available at college office @ Rs. 500/- form in cash or in DD in favor of **Principal, Ideal College of Pharmacy & Research.**

Principal


# सेना को 15 साल में मिलेंगे 2200 टैंक, छह लाख गोले

## AI तकनीक से लैस हथियार-रडार भी शामिल

## नौसेना को नया एयरक्राफ्ट कैरियर मिलेगा

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

भारतीय सेना को अगले 15 सालों में 2200 नए टैंक और 6 लाख गोले दिए जाएंगे। सेना के तीनों अंगों को मजबूत करने के लिए AI तकनीक से लैस हथियार और रडार भी खरीदे जाएंगे। नौसेना को नया एयरक्राफ्ट कैरियर मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को सेना के लिए 15 साल का रोड-मैप जारी किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके जरिए सुरक्षा बलों की आधुनिकता पर जोर दिया जाएगा। रिपोर्ट्स का कहना है कि सेना ने प्लानिंग करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के वक्त आई चुनौतियों पर भी ध्यान दिया है। रूसी हथियार एजेंसी के निदेशक दिमित्री शुगायेव ने 3 सितंबर को कहा था कि भारत और रूस अमेरिका के दबाव के बावजूद एस-400 मिसाइल सिस्टम की सप्लाई बढ़ाने पर बात कर रहे हैं। भारत के पास पहले से एस-400 मिसाइल सिस्टम मौजूद है। जल्द ही भारत रूस से नए Su-57 लड़ाकू विमान भी ले सकता है। बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। हम चाहते हैं कि भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में साथ आगे बढ़ें। 2018 में भारत ने रूस से 5.5 अरब डॉलर में एस-400 के 5 स्क्वाड्रन खरीदने की डील की। उस वक्त भी अमेरिका ने भारत के रूसी मिसाइल खरीदने का विरोध किया था। रूस 5 में से 3 स्क्वाड्रन भारत को सौंप चुका है।



*ओणम के सीजन में*

# 800 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब पी गए केरल के लोग

**नई दिल्ली।** केरल भर के लोगों ने शुक्रवार को राज्य में नयी फसल की खुशी में ओणम को हर्षोल्लास के साथ मनाया। थिरुवोणम के नाम से जाने जाने वाले इस दस दिवसीय उत्सव के समापन पर छोटे गांवों से लेकर भीड़भाड़ वाले कस्बों तक सुबह-सुबह मंदिरों में काफी भीड़ दिखी। वहीं केरल के लोगों ने ओणम के सीजन में 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की शराब का सेवन किया। केरल में ओणम त्योहार के दौरान केरल राज्य पेय पदार्थ निगम (KSBC) ने त्योहारी सीज़न के दौरान अपने बेवको आउटलेट्स से 826.38 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री दर्ज की। केएसबीसी द्वारा शुक्रवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार ओणम सीज़न के पहले 10 दिनों (25 अगस्त से 4 सितंबर तक) गुरुवार तक शराब की बिक्री पिछले साल ओणम सीज़न की तुलना में 6.38 प्रतिशत अधिक रही। 2024 में इसी अवधि के दौरान, बिक्री 776.82 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को ओणम से पहले वाले दिन, BEVCO आउटलेट्स ने 137.64 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की जबकि पिछले साल इसी दिन 126.01 करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी।


# सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएँ

ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के पद हेतु

FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)

सशख सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

साक्षात्कारः नवम्बर 2025 में दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।

**रिक्तियाँ 225 (169 पुरुष + 56 महिला)**

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - एमबीबीएस**

**आयु सीमा** - एमबीबीएस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **30 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी** 1996 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) एवं नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर** 2025 को **35 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी** 1991 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे)

पात्रता शर्तों के लिए **13 सितम्बर 2025** के रोजगार समाचार पत्र / Employment News तथा www.join.afms.gov.in वेब्साइट देखें।

**ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण** www.join.afms.gov.in **वेब्साइट पर 13 सितम्बर 2025 से 03 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकता हैं।**

Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission).

Interview will be conducted at **Delhi** tentatively in the month of **November 2025.**

**Vacancy - 225 (169 for male + 56 for female)**

**Minimum Educational Qualification - MBBS**

**Age Limit - Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2025 if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1996 are eligible) and must not have attained the age of 35 years as on 31 Dec 2025 if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1991 are eligible).**

For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of **13 Sep 2025** and the website www.join.afms.gov.in.

**Registration for online application will open from 13 Sep 2025 to 03 Oct 2025 on** www.join.afms.gov.in

**cbc 10601/11/0047/2526**


# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी

## मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की सेहत बिगड़ने पर उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह दो दिनों से बीमार थे और अभी तक उनके सरकारी आवास पर ही उनका उपचार चल रहा था, लेकिन शुक्रवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। डॉक्टरों की एक टीम सीएम के स्वास्थ्य पर नजर बनाई हुई है। उन्हें वायरल फीवर और डाइजेशन से संबंधित समस्या थी। वह दवाएं लेकर घर पर ही आराम कर रहे थे, लेकिन तबीयत में कोई सुधार नहीं होने और ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। एक दिन पहले यानी गुरुवार को आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। खराब सेहत की वजह से भगवंत मान केजरीवाल के साथ पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाकों के प्रस्तावित दौरे में भी नहीं जा सके थे।

# दिल्ली में बिगड़े बाढ़ के हालात

- नए इलाकों तक पहुंचा पानी
- राहत व बचाव के लिए NDRF तैनात

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते शहर के कई हिस्सों में बाढ़ आई हुई है। इसी बीच शुक्रवार को हालात उस वक्त और बिगड़ गए जब कालिंदी कुंज के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ गई। इस दौरान यमुना नदी के किनारे पर स्थित कुछ नए इलाकों में भी बाढ़ आ गई। जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें यमुना के आसपास के इलाकों में पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है और बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया है, जिसके बाद राहत और बचाव कार्यों के लिए वहां NDRF (राष्ट्रीय आपदा राहत बल) की चार टीमों को तैनात किया गया है। इस बारे में जानकारी NDRF के एक अधिकारी राजिंदर सिंह ने बताया कि NDRF और प्रशासन ने बहुत अच्छे इंतजाम किए हैं, यहां चार टीमें तैनात की गई हैं और हमने लगभग 1180 लोगों को बचाया है।



आगे उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि जलस्तर कम होगा। इस बीच दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव और संभावित बाढ़ के हालात बने हुए हैं। दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में मोनेस्ट्री मार्केट में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। उधर दिल्ली के निगम बोध घाट इलाके में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद जलभराव जारी है। यमुना बाजार, वासुदेव घाट और आसपास के रिहायशी इलाके भी जलमग्न हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन इलाकों में घुसे पानी को निकालने के लिए मशीनें लगाई गई हैं।

# अनंत चतुर्दशी पर विधि विधान के साथ गणपति का विसर्जन

**हर साल बड़े ही धूम-धाम के साथ चतुर्थी तिथि पर बप्पा का आगमन होता है। इसी उत्साह व उल्लास के साथ गणेश जी की विदाई भी की जाती है। इस कामना के साथ की अगले बरस बप्पा फिर से दर्शन दें व कृपा बनाए रखें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी का विसर्जन करना सबसे उत्तम माना जाता है। इस साल अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर के दिन है। भाद्रपद माह में गणेश उत्सव दस दिनों तक मनाया जाता है, जिसका अंत अनंत चतुर्दशी के दिन होता है। आइए जानते हैं अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन का शुभ मुहूर्त और विधि-**



### कब है अनंत चतुर्थी ?

**चतुर्दशी तिथि प्रारम्भ** – सितम्बर 06, 2025 को 05 :42 ए एम बजे

**अपराह्न मुहूर्त (चर, लाभ, अमृत)** – 01 :03 पी एम से 05 :36 पी एम

**सायाह्न मुहूर्त (लाभ)** – 07 :07 पी एम से 08 :36 पी एम

**रात्रि मुहूर्त (शुभ, अमृत, चर)** – 10 :05 पी एम से 02 :32 ए एम, सितम्बर 07 है

**चतुर्दशी तिथि समाप्त** – सितम्बर 07, 2025 को 04 :11 ए एम बजे

### गणेश विसर्जन विधि



सुबह जल्दी उठकर नहाएं और साफ वस्त्र धारण करें। पूजा घर की साफ–सफाई करें। बप्पा का जलाभिषेक करें। प्रभु को पीला चंदन लगाएं। पुष्प, अक्षत, दूर्वा और फल चढ़ाएं। धूप और घी के दीपक से आरती करें। गणेश जी को मोदक का भोग लगाएं। अंत में क्षमा प्रार्थना करें इसके बाद शुभ मुहूर्त में गाजे बाजे के साथ बप्पा का विसर्जन करें।

# घर-ऑफिस में लाफिंग बुद्धा रखने से पहले जान लें ये जरूरी नियम

## पैसों से भरी रहेगी आपकी जेब

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई शास्त्र में कई ऐसी चीजों के बारे में बताया गया है जो जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाती हैं। कहा जाता है कि घर–ऑफिस में फेंगशुई की चीजें रखने से घर में सकारात्मकता का संचार होता है साथ ही जीवन में सौभाग्य आता है। इन्हीं में से एक है लाफिंग बुद्धा बहुत। कहा जाता है कि घर में लाफिंग बुद्धा रखने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और खुशहाली आती है। ऐसे में वास्तु शास्त्र में लाफिंग बुद्धा घर–ऑफिस में फेंगशुई रखने से घर आफिस में सकारात्मकता का संचार होता है। आज हम इसके बारे में और भी कुछ बताएंगे।



### वास्तु के अनुसार लॉफिंग बुद्धा रखने के नियम

लाफिंग बुद्धा की मूर्ति को मुख्य द्वार के सामने कम से कम 30 इंच की ऊंचाई पर लगाया जाना चाहिए। लगाए जाने के लिए आदर्श ऊंचाई 30 इंच से अधिक और साढ़े बत्तीस इंच से कम होनी चाहिए। मूर्ति की नाक गृह स्वामी के दोनों हाथों की उंगलियों के बराबर, यानी कम से कम आठ अंगुल का होना चाहिए और अधिकतम ऊंचाई घर की मालिकन के हाथ की नाप से सवा हाथ के बराबर होनी चाहिए।

मुख्य द्वार के सामने रखी हुई मूर्ति का चेहरा मुख्य द्वार के सामने ही होना चाहिए। जैसे ही द्वार खुले सबसे पहले वही मूर्ति दिखे। इस बात का ध्यान रखें कि लाफिंग बुद्धा की मूर्ति को रसोई, डायनिंग रूम या बेडरूम में नहीं रखना चाहिए। साथ ही इसकी पूजा भी नहीं की जानी चाहिए।

### गिफ्ट में मिला लाफिंग बुद्धा माना जाता है अधिक शुभ

वास्तु की मानें तो कभी भी लाफिंग बुद्धा अपने पैसों से नहीं खरीदना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि खुद के पैसों से खरीदे गए लाफिंग बुद्धा से शुभ फल नहीं मिलता है। इसलिए इसे कभी भी खुद के पैसों से न खरीदें। वास्तु के अनुसार गिफ्ट में लाफिंग बुद्धा मिलना बहुत शुभ माना जाता है। इससे घर में सुख–समृद्धि और खुशहाली आती है। साथ ही ये आर्थिक समस्याओं को भी दूर करता है।

# सौभाग्य संग आरोग्य से भी जुड़ा है बेलपत्र

## शिवलिंग पर चढ़ाने से पहले जानें इसके बड़े लाभ

सनातन परंपरा में भगवान शिव एक ऐसे देवता हैं जो सिर्फ पानी और पत्ते को चढ़ाने मात्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं। यही कारण है कि उनके भक्त उन्हें शीघ्र प्रसन्न करने के लिए पवित्र गंगा जल लाकर चढ़ाने के लिए कोसों दूर की कांवड़ यात्रा करते हैं, तो वहीं उसके साथ उनका प्रिय बेलपत्र भी चढ़ाते हैं। देवों के देव महादेव को न सिर्फ बेल का फल बल्कि बेलपत्र भी बहुत ज्यादा प्रिय है। जिस बेलपत्र को सनातन परंपरा में सौभाग्य से जोड़कर देखा जाता है, उसका संबंध अच्छी सेहत से भी जुड़ा है। आइए सौभाग्य और आरोग्य के इस पावन पत्ते के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### बेलपत्र से मिलेगा अच्छी सेहत का वरदान

जिस बेलपत्र को शिव पूजा में चढ़ाने से सुख-सौभाग्य का वरदान मिलता है वह आपकी सेहत के लिए भी बहुत ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। आयुर्वेद के अनुसार भगवान शिव की पूजा में प्रयोग लाए जाने वाला बेलपत्र तमाम शारीरिक कष्ट को दूर करके आरोग्य दिलाने का काम करता है। बेलपत्र को पीसकर निकाले गये रस से ततैया के काटे हुए स्थान पर लगाने से जलन कम होती है तो वहीं इससे बना काढ़ा बुखार को कम करने से लेकर हृदय और सांस से जुड़े रोग में काफी लाभप्रद माना गया है। इसी प्रकार बेलपत्र को चबाने से जहां मुंह के छाले दूर होते हैं तो वहीं यह पेट के कीड़े को खत्म करने में काफी लाभप्रद माना गया है। जिस बेलपत्र को हर दिन




खाली पेट खाने मात्र से दिल और पेट संबंधी तमाम तरह के मर्ज दूर होते हैं, उसकालाभ उठाने के लिए आपको किसी वैद्य की सलाह पर ही इसका उचित मात्रा में सेवन करना चाहिए।

### बेलपत्र का धार्मिक महत्व

हिंदू मान्यता के अनुसार यदि कोई भक्त पूरे श्रावण मास भगवान शिव की पूजा में बेलपत्र अर्पित करता है तो उसकी बड़ी से बड़ी मनोकामना भगवान शिव जल्दी पूरी कर देते हैं। मान्यता है कि यदि कोई शिव भक्त बेल के पेड़ के नीचे बैठकर भगवान शिव का अभिषेक करता है तो वह सभी पापों से मुक्त होकर अक्षय पुण्य को प्राप्त करता है। इसी प्रकार शिव पूजा में यदि बेलपत्र पर सफेद चंदन सेॐ लिखकर महादेव को अर्पित करता है और उसे प्रसाद मानकर अपने धन स्थान पर रखता है तो उसके आर्थिक संकट दूर होते हैं। मान्यता यह भी है कि यदि कोई श्रावण के महीने में कच्चे दूध में बेलपत्र को डुबोकर शिवलिंग पर अर्पित करता है तो शिव कृपा से उसे शीघ्र ही संतान सुख प्राप्त होता है। इस तरह देखें तो सभी कामनाओं को पूरा करने के साथ बेलपत्र सौभाग्य और आरोग्य दिलाता है।

# क्या तौलिये से फैल सकता है दाद?

## जानें बरसात के मौसम में Ringworm से बचाव के उपाय



**बरसात का मौसम भले ही सुहावना होता है,लेकिन इस मौसम में स्किन संबंधित कई ऐसी समस्याएं होने लगती हैं जो तेजी से एक दूसरे में फैल सकती हैं। दाद भी एक ऐसा ही फंगल इंफेक्शन है जिस पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो यह शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है। इतना ही नहीं घर के बाकी सदस्य भी दाद की समस्या से ग्रसित हो सकते हैं। आइए जानते में दाद से बचने के तरीके और घर के सदस्यों में दाद को फैलने से रोकने के उपाय।**

### दाद बार बार क्यों होता है?

दाद त्वचा की एक ऐसी बीमारी है जो भारतीयों में कॉमन है। मानसून के मौसम में ह्यूमिडिटी ज्यादा होने के कारण दाद होने का खतरा बढ़ जाता है। दाद एक फंगल इंफेक्शन है जो एक बार होने के बाद दोबारा भी हो सकता है। दाद पैर, हाथ, गर्दन और शरीर के प्राइवेट पार्ट के आस पास भी हो सकता है। ये संक्रमण तेजी से फैलता है, ऐसे में अगर साफ सफाई का ख्याल न रखा जाए तो ये बार बार भी हो सकता है।

### क्या तौलिये से दाद हो सकता है?

कई बार लोग नहाने के बाद तौलिये को कमरे में ही सुखाते हैं, अगर आप भी ऐसा करते हैं तो बंद कर दीजिए। बरसात के मौसम में यही तौलिया आपको एक्जिमा, दाद, रैशेज और अन्य स्किन संबंधित बीमारियां दे सकती है। उमस के मौसम में बैक्टीरिया आसानी से गीली तौलिया पर पनपने लगते हैं ऐसे में उसी तौलिये को इस्तेमाल करने से दाद की समस्या फैल सकती है।

### दाद से बचाव के तरीके

*नहाने के बाद हमेशा तौलिया धूप में सुखाएं और 2 दिन में इसे जरूर धोएं। मानसून के मौसम में इंफेक्शन से बचने के लिए कॉटन के ढीले साफ कपड़े पहनें। दाद से संक्रमित व्यक्ति का तौलिया, कपड़े और कंघी घर के बाकी सदस्य इस्तेमाल न करें। रिंगवर्म जैसे इंफेक्शन से बचने के लिए खुद को साफ रखें और दाद को न छुएं।*

# बालों को मजबूत बनाना है

## तो आज ही डाइट में शामिल करें ये हेल्दी ड्रिंक्स


**बालों को मजबूत बनाने के लिए केवल ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल ही काफी नहीं है। हेल्दी बालों के लिए पौष्टिक डाइट लेना भी जरूरी है। ऐसी डाइट जो बालों को पोषण दे। ऐसे में बालों को मजबूत बनाने के लिए आप कुछ हेल्दी ड्रिंक्स भी ले सकते हैं। इससे आप बालों से जुड़ी समस्याओं जैसे हेयरफॉल आदि से भी बच पाएंगे। बाल की ग्रोथ के लिए भी ये जूस बहुत फायदेमंद है। इसमें पालक और गाजर आदि जैसे जूस शामिल हैं। आइए जानें हेल्दी बालों के लिए आप कौन से ड्रिंक्स ले सकते हैं।**

### पालक से बना जूस



पालक का जूस प्रोटीन से भरपूर होता है। इसमें बायोटीन भी अधिक मात्रा में होता है। इस जूस में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स होता है। ये बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। इससे बालों के झड़ने और टूटने की परेशानी दूर होती है।

### खीरे से बना जूस



खीरे में विटामिन ए होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये जूस शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालते हैं। इससे शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलती है। खीरे का जूस बालों और स्किन को फायदे पहुंचा है।

### आंवला जूस



आंवला जूस विटामिन सी भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। ये बालों को मजबूत और घना बनाता है। ये जूस भी शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालता है। इससे आप बॉडी को फ्री रेडिकल्स के नुकसान से बचा पाते हैं।

### एलोवेरा जूस



बहुत से ब्यूटी प्रोडक्ट्स में एलोवेरा का इस्तेमाल लोकप्रिय रूप से किया जाता है। एलोवेरा का जूस भी बालों को मजबूत बनाता है। ये स्किन को हेल्दी बनाने का काम करता है। इससे स्किन पर नेचुरल निखार आता है। इससे बालों की ग्रोथ तेजी से बढ़ती है।

### कीवी जूस



कीवी का जूस विटामिन ई से भरपूर होता है। ये भी बालों को मजबूत बनाता है। कीवी का जूस बालों को लंबा और घना बनाता है। इसके साथ ही इस जूस से आपकी सेहत को भी फायदे मिलते हैं। ये आपकी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।

### गाजर से बना जूस



गाजर के जूस में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये बालों को तेजी से बढ़ाते हैं। ये बालों को सफेद होने से रोकने का काम करते हैं।

# कांच की प्लेन चूड़ियां महिलाओं की पहली पसंद

**कांच की प्लेन चूड़ियां महिलाओं की पहली पसंद होती हैं। इन्हें किसी भी तरह से सेट लगाकर पहना जा सकता है। आप एक्ट्रेस सुरभि ज्योति की तरह सिंपल तरह से भी ग्रीन कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।**

कांच की प्लेन चूड़ियां महिलाओं की पहली पसंद होती हैं। इन्हें किसी भी तरह से सेट लगाकर पहना जा सकता है। आप एक्ट्रेस सुरभि ज्योति की तरह सिंपल तरह से भी ग्रीन कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं। सिर्फ ग्रीन चूड़ियां न पहननी हो तो रेड के साथ सेट लगाएं। वहीं कुंदन के कंगन आपके चूड़ी सेट में चार चांद लगा देंगे। इस तरह के सेट को आप शादियों जैसे फंक्शन में भी पहन सकती हैं, सबकी निगाहें आपके सेट पर ही टिक जाएंगी।

चूड़ियां पहनने में असहजता रहती है या फिर कुछ हल्का ट्राई करना चाहती हैं तो ग्रीन सिंपल स्टोन या फिर एमरॉल्ड की ब्रेसलेट ट्राई करें। रूपाली गांगुली की तरह ये साड़ी के साथ या फिर आप इसे वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी कैरी कर सकती हैं। आजकल बाजार में मेटल की चूड़ियां काफी ट्रेंड में चल रही हैं। इनकी खासियत ये होती है कि टूटने का डर भी नहीं रहता



और आप इसे ट्रेडिशनल ड्रेस के साथ ही वेस्टर्न या इंडोवेस्टर्न में भी पेयर कर सकती हैं। तो इस सावन ग्रीन कलर की मेटल की चूड़ियां पहने।

हरे लाख में जड़े हुए कुंदन के कंगन बेहद खूबसूरत लगते हैं। अगर आपको हल्का लेकिन क्लासी लुक चाहिए तो लाख में जड़े हुए हरे कंगन पहनें, इससे आपको रॉयल लुक मिलेगा। आपको सूट या फिर लाइट वेट साड़ी के साथ चूडियां सेट करनी हैं तो ग्रीन कलर की बेलवेट वर्क चूड़ी काफी अच्छी लगेंगी। आजकल इस पैटर्न की चूडियां ट्रेंड में भी हैं। आप चाहें तो साथ में कंगन का सेट भी लगा सकती हैं।

# दूध के साथ मखाना खाने के हैं कई फायदे

## चौंक जाएंगे आप



मखाने में फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस अधिक मात्रा में होता है। आमतौर पर लोग मखाने को सूखा भूनकर खाते हैं। वहीं व्रत के दौरान लोग फलाहार पर मखाना खाना पसंद करते हैं क्योंकि इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और एनर्जी बनी रहती है। लेकिन क्या आपने कभी मखाने को दूध में उबालकर खाया है? अगर नहीं तो आज हम आपको बताएंगे कि दूध में पकाए गए मखाने का सेवन करने से क्या फायदे होते हैं-

मखाने में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है, इसलिए इन्हें खाने से टाइप 2 डायबिटीज में फायदा मिलता है। अपनी डाइट में मक्खन को शामिल करके आप इस गंभीर समस्या से बच सकते हैं। इसके अलावा मखाने में उच्च फाइबर होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराएगा। आप बार-बार खाने से बचेंगे। इससे आपके बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यह आपके पाचन को भी स्वस्थ रखता है। दूध में पकाए गए मखाने का सेवन करने से आपकी हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। त्वचा और बाल स्वस्थ और चमकदार बनते हैं।

# सुबह उठते ही दिख रहे ये लक्षण तो समझ जाएं हो गया है डायबिटीज

सुबह उठने के बाद शरीर में होने वाली बहुत सारी एक्टीविटी बॉडी के हेल्दी और अनहेल्दी होने का लक्षण होती है। जिन पर ध्यान दिया जाए तो काफी सारी बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है। इन बीमारियों में डायबिटीज भी शामिल है। डायबिटीज की बीमारी इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से हो जाती है। जिसका पता सुबह के समय आसानी से लगाया जा सकता है। अगर आपकी बॉडी में इस तरह के लक्षण दिख रहे हैं तो फौरन डायबिटीज का टेस्ट करवा लें। जिससे पता चल सके।

### सुबह दिखते हैं ये लक्षण

सुबह के समय लीवर ब्लड शुगर रिलीज करता है। जिससे कि बॉडी दिनभर एक्टिव बनी रहे। डायबिटीज के रोगियों में सुबह के समय इसीलिए हाई ग्लूकोज लेवल का पता चलता है। जिसकी वजह से ये लक्षण दिखते हैं। मुंह का सूखापन (पानी पीने के बाद भी प्यास लगती है), गला सूखना, पेशाब लगना( जबकि रातभर कई बार यूरिनेशन के लिए गए हों), धुंदळापन, कमजोरी लगना, बहुत तेजी से भूख लगना,



### डायबिटीज में दिखने लगते हैं ये लक्षण

बहुत सारे लोगों को डायबिटीज का चेकअप कराने से पहले ही ऊपर लिखे लक्षण दिखने लगते हैं। साथ ही ये लक्षण भी दिखने लगते हैं।

स्किन में बार-बार फंगल इंफेक्शन हो जाना, फोड़ा या फुंसी हो जाना, थकान लगना, बहुत ज्यादा प्यास लगना

### इसके अलावा दिखते हैं ये संकेत

कमजोरी, भूख लगना और आंखों में धुंधलेपन के साथ ही डायबिटीज में ये लक्षण भी दिखते हैं। जिन्हें देखने के बाद समय रहते डायबिटीज का चेकअप करवाकर सही दवाओं और परहेज को जरूर शामिल कर लें। स्किन ड्राई होना, घाव का जल्दी ना भरना, बहुत ज्यादा प्यास, बालों का झड़ना, बार-बार इंफेक्शन हो जाना, उल्टी होना, चक्कर आना, पेट में दर्द, उल्टी महसूस होना शामिल हैं।

# ब्लड प्रेशर से लेकर डायबिटीज तक का रखता है ख्याल काला टमाटर

**आपने आज तक हरा, लाल टमाटर तो कई बार देखा होगा लेकिन क्या आपने कभी काले टमाटर के बारे में सुना है? जी हां सब्जी का स्वाद बढ़ाना हो या खूबसूरती में लगाने हो चार चांद, लाल टमाटर का इस्तेमाल घरों में कई तरह से किया जाता है। लेकिन बात अगर काले रंग के टमाटर की करें तो ये आपकी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। काले रंग के टमाटर को अंग्रेजी में इंडिगो रोज टोमेटो कहा जाता है। जिसे उगाने का श्रेय रे ब्राउन को जाता है। इस टमाटर की खासियत यह है कि इस टमाटर को जेनेटिक म्यूटेशन के द्वारा बनाया गया है।**



### इतने रंग बदलता है काला टमाटर–

यूं तो काला टमाटर भी बाकी रंग के टमाटरों की ही तरह उगाया जाता है। लेकिन इसके बदलते रंग की प्रक्रिया इसे बाकी टमाटरों की तुलना में खास बना देती है। सबसे पहले ये टमाटर हरा रंग का होता है,जो धीरे–धीरे लाल, नीला और फिर उसके बाद काला हो जाता है। आप जब इस टमाटर को काटकर देखते हैं तो इसके अंदर का गूदा लाल टमाटर की तरह की लाल होता है। हालांकि इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व लाल टमाटर की तुलना में काफी ज्यादा होते हैं।

### काले रंग के टमाटर के फायदे



**ब्लड प्रेशर रखें कंट्रोल–**

काले टमाटर में प्रोटीन, विटामिन ए, सी, मिनरल्स और कई तरह के एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो व्यक्ति के ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मदद करते हैं।

**डायबिटीज में फायदेमंद**

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो यह टमाटर आपके लिए रामबाण साबित हो सकता है। यह शरीर में शुगर की मात्रा को कंट्रोल में रखने में मदद कर सकता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाने में कारगर**

काले टमाटर में विटामिन ए और विटामिन सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। जिसका सेवन करने से आंखों की सेहत बनी रहती है। काला टमाटर आपकी आंखों को स्वस्थ रखने के साथ उनकी रोशनी भी बढ़ाने में मदद करता है।

**दिल की सेहत**

काला टमाटर खाने से दिल का दौरा पड़ने के चांस कम हो जाते हैं। इसमें एंथोसाइनिन पाया जाता है जो आपको हार्ट अटैक से बचाए रखने में मदद करता है। नियमित रुप से काले टमाटर का सेवन दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम कर देता है।

**वेट कंट्रोल–**

काले टमाटर में अच्छे कोलेस्ट्राल की मात्रा काफी ज्यादा होती है। जो वेट लॉस में भी मदद कर सकती है। अगर आप मोटापे से परेशान हैं तो अपनी डाइट में काले टमाटर को शामिल करें।

# भारत का महिला एशिया कप हॉकी में शानदार आगाज

## थाईलैंड को 11-0 से हराया




**हांगझोउ (चीन)।** उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को थाईलैंड को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुताजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

# यूपी टी-20 को फिक्स करने की कोशिश

## काशी रुद्रास टीम के मैनेजर को 50 लाख का ऑफर



लखनऊ। लखनऊ के इकाना में चल रही टी-20 क्रिकेट लीग को मैच फिक्स करने की कोशिश का मामला सामने आया है। काशी रुद्रास टीम के मैनेजर अर्जुन को 50 लाख रुपये का ऑफर सट्टेबाजों ने दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम के जरिए मैनेजर से संपर्क किया गया। सट्टेबाजों ने उन्हें टीम के खिलाड़ियों की मदद से मालामाल होने का ऑफर दिया। मैनेजर अर्जुन ने इसकी सूचना क्षेत्रीय भ्रष्टाचार निरोधक टीम के मैनेजर को दी। इसके बाद बड़ी ही चालाकी से सट्टेबाज से चैट करके उससे कुछ जानकारियां जुटाकर टीम को इनपुट भी दे दिया। पुलिस ने भी केस दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। इस मामले में जयपुर राजस्थान के हरदयाल सिंह (क्षेत्रीय प्रबंधक भ्रष्टाचार निरोधक इकाई व टी-20 लीग लखनऊ के प्रबंधक) ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मोबाइल नंबर और इंस्टा आईडी के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त को रात करीब 11:12 बजे काशी रुद्रास टीम के मैनेजर अर्जुन चौहान ने बताया कि उनसे एक व्यक्ति ने इंस्टा ग्राम पर vipss_nakrani ने संपर्क किया। सट्टेबाज ने मैनेजर से टीम के साथ मिलकर सट्टा खिलवाने का ऑफर देते हुए 50 लाख रुपये का लालच दिया। बोला का भुगतान आनलाइन अमेरिकी डालर से करुंगा। टीम को सट्टे के लिए तैयार करो। मैनेजर से मिली जानकारी के बाद ट्रैप टीम ने सट्टे बाज के बारे में और जानकारी जुटाने के लिए कहा।मैनेजर ने सट्टेबाज से मोबाइल पर संपर्क करने को कहा। इसके बाद उसने व्हाट्सएप पर आडियो काल की। उसे रिकार्ड कर लिया गया। कुछ अन्य जानकारियां भी जुटाई गई। मैनेजर के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर एसीपी गोसाईगंज को लिखित तहरीर दी गई। इसके बाद नंबर और आईडी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सट्टेबाज को काशी रुद्रा टीम की लोकेशन तक पता थी। सट्टेबाज ने मैनेजर अर्जुन से यह तक बताया कि टीम रेनेशां होटल में रुकी है। मैच जैसे ही शुरू होगा मेरा आदमी ग्राउंड में पहुंच जाएगा। सट्टेबाज ने बताया कि एक करोड़ रुपये लेकर वह ग्राउंड में बैठा रहेगा। आप मेरे मुताबिक चलेंगे तो वहीं पर वह 50 लाख रुपये आपको देगा।

# BCCI ने की भारतीय टीम की जर्सी प्रायोजन की दरों में बढ़ोतरी

## प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपए देने होंगे




**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपए कर दिए हैं। 'क्रिकबज' की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) और एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता था। यह बदलाव ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के आने के बाद 'ड्रीम 11' के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद हुआ है। सरकार द्वारा हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम 2025 के बाद BCCI ने भारतीय टीम के प्रमुख प्रायोजक ड्रीम 11 का अनुबंध रद्द कर दिया। यह संशोधन आगामी एशिया कप के समाप्त होने के बाद ही लागू होगा। BCCI को हालांकि 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। बोली के परिणाम के आधार पर अंतिम आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। नई दरें आगामी एशिया कप के बाद से प्रभावी होंगी। BCCI संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपए से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है। ड्रीम 11 के हटने के बाद भारतीय टीम के मुख्य प्रायोजक अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को बोलियां आमंत्रित कीं। BCCI की एक विज्ञप्ति में कहा गया, 'बोली लगाने वाले (जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है) को भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और

# 'कुछ खिलाड़ी कप्तान के पसंदीदा होते हैं'

## अमित मिश्रा ने संन्यास के बाद बेबाकी से की बात

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने बृहस्पतिवार को क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास ले लिया और उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान दो अलग दौर का सामना किया। पहला दौर महान स्पिनर अनिल कुंबले की जगह लेने के साथ उनसे की जाने वाली अपेक्षाओं के भारी दबाव से निपटने में बीता तो दूसरा दौर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के आने से हुई प्रतिस्पर्धा से निपटने का रहा। इसमें से ऑफ स्पिनर अश्विन जहां महेंद्र सिंह धोनी की योजना का हिस्सा रहे तो वहीं जडेजा विराट कोहली की रणनीति के अनुकूल रहे। लेकिन लेग ब्रेक गेंदबाजी करने वाले और शानदार गुगली फेंकने वाले मिश्रा को अश्विन और जडेजा के साथ तीसरे विकल्प के रूप में काफी कम इस्तेमाल किया जाता। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद एक विशेष साक्षात्कार में मिश्रा ने कहा, 'यह बहुत निराशाजनक था। कभी आप टीम में होते हैं, कभी बाहर। कभी आपको प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, कभी नहीं। बेशक, यह निराशाजनक है, और इसमें कोई शक नहीं कि मैं कई बार निराश हुआ।' उन्होंने कहा, 'लेकिन फिर आपको याद आता है कि आपका सपना भारत के लिए क्रिकेट खेलना है। आप राष्ट्रीय टीम के साथ हैं, और लाखों लोग वहां पहुंचने के लिए इतनी मेहनत कर रहे हैं। आप भारतीय टीम के 15 खिलाड़ियों में से एक हैं। इसलिए, मैंने सकारात्मक रहने की कोशिश की।' प्रतिभा के बावजूद मिश्रा ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में अंदर-बाहर रहना मानसिक रूप से कठिन था। उन्होंने आगे कहा, 'जब भी मैं निराश होता था, मैं सोचता था कि मैं कहां सुधार कर सकता हूं। चाहे वह मेरी फिटनेस हो, बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, मैंने हमेशा बेहतर होने पर ध्यान केंद्रित किया। जब भी मुझे भारतीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, और मैं इससे बहुत खुश हूं। मैं कड़ी मेहनत से कभी पीछे नहीं हटा।'

मिश्रा ने विभिन्न कप्तानों द्वारा गेंदबाजों के अपने पसंदीदा चयन के बारे में अपना दृष्टिकोण रखा और यह भी कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ी कप्तान के पसंदीदा होते हैं। लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। आपको बस जब भी मौका मिले खुद को साबित करना होता है। जैसा कि मैंने कहा, ये चीजें मायने नहीं रखतीं। कभी-कभी कोई खिलाड़ी जो आपसे बेहतर प्रदर्शन करता है, उसे ज्यादा पसंद किया जाता है, लेकिन जब आप अच्छा प्रदर्शन करने लगते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है।' उन्हें आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों की तुलना में भारतीय बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना हमेशा ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगता था। मिश्रा ने कहा, 'जब भी मैंने किसी जाने-माने भारतीय खिलाड़ी का विकेट लिया, मुझे गर्व महसूस हुआ। वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, युवराज सिंह, गौतम गंभीर या विराट कोहली जैसे खिलाड़ी - ये ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी पल खेल का रुख बदल सकते हैं। आप अपने कौशल से किसी विदेशी खिलाड़ी को परेशान कर सकते हैं, लेकिन इन खिलाड़ियों को आप अच्छी तरह जानते हैं। जब आप उनका विकेट लेते हैं, तो आपको एक अलग, बहुत सकारात्मक एहसास होता



# T20 ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में टी20 एशिया कप 2025 से पहले एक टी20 ट्राई सीरीज खेली जा रही है, जिसमें मेजबान यूएई के अलावा पाकिस्तान और अफगानिस्तान की टीम है। इस टी20 ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का ऐलान हो गया है। शारजाह में जारी इस टी20 ट्राई सीरीज के आखिरी मैच से पहले इस बात का फैसला हो गया है कि मेजबान टीम इस त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में मेजबान यूएई की टीम नहीं पहुंच पाएगी, क्योंकि टीम चार में से तीन मैच हार चुकी है, जबकि पाकिस्तान ने 3 और अफगानिस्तान की टीम ने दो मैचों में जीत दर्ज करके फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान की टीम का एक और लीग मैच यूएई के खिलाफ है, जिसका असर फाइनल की रेस पर नहीं पड़ने वाला, क्योंकि यूएई की टीम अगर जीत भी जाएगी तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि टीम फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है, जबकि अफगानिस्तान की टीम पहले ही फाइनल में है। पाकिस्तान की टीम ने जैसे ही यूएई के खिलाफ जीत दर्ज की, वैसे ही अफगानिस्तान को भी फाइनल का टिकट मिल गया। पाकिस्तान की टीम को सिर्फ एक मैच में हार मिली है, जो अफगानिस्तान के खिलाफ था। अब अफगानिस्तान के ही सामने फिर से पाकिस्तान की टीम होगी। ऐसे में ये मुकाबला बहुत ज्यादा दिलचस्प होगा। वहीं, अगर बात पाकिस्तान और यूएई के बीच खेले गए लीग फेज के पांचवें मुकाबले की बात करें तो इसमें पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फखर जमान के दमदार अर्धशतक के दम पर 5 विकेट खोकर 20 ओवर में 171 रन बनाए थे। यूएई के सामने फाइनल की रेस में बने रहने के लिए 172 रनों का लक्ष्य था, लेकिन टीम 140 रनों तक ही पहुंच पाई।

# मयंक काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे




**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शेष काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए यॉकर्शायर के साथ छोटी अवधि के अनुबंध पर जुड़ेंगे। समरसेट के खिलाफ 8 सितंबर को होने वाले मुकाबले से पहले अग्रवाल के यॉकर्शायर के साथ जुड़ने की उम्मीद है और 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए भारत लौटने से पहले वह कुल तीन मुकाबले खेलेंगे। इससे पहले वह कर्नाटक के महाराजा टी20 ट्रॉफी का हिस्सा थे। वहीं उन्हें IPL में देवदत्त पड़क्किल के विकल्प के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने अपने दल में शामिल किया था। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को इंग्लैंड का अनुभव है। अग्रवाल 2021-22 के दौरे और 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के भारतीय दल के हिस्से के रूप में इंग्लैंड की यात्रा कर चुके हैं। 2021-22 के दौरे पर अग्रवाल भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के दावेदार थे लेकिन उन्हें सीरीज के पहले मैच से पहले चोट लग गई जिसके चलते वह बाहर हो गए। अग्रवाल दो बार ए टीम के साथ भी इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं। कर्नाटक के सभी प्रारूपों के कप्तान अग्रवाल के पास प्रथम श्रेणी का काफ़ी अनुभव है। उन्होंने 180 पारियों में 43.98 की औसत, 18 शतक और 44 अर्धशतकों के साथ 8050 रन बना चुके हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 36 टेस्ट पारियों में 41.33 की औसत और चार शतकों की बदौलत 1488 रन बनाए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 243 रनों की पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। उन्होंने अपना सबसे हालिया टेस्ट फरवरी 2023 में श्रीलंका के ख़िलाफ़ बेंगलुरु में खेला था। अग्रवाल के इतर खलील अहमद (एसेक्स), तिलक वर्मा (हैम्पशायर), युजवेंद्र चहल (नॉर्थम्पटनशायर), इशान किशन (नॉटिंघमशायर) और साई किशोर (ससेक्स) यूके घरेलू सीजन में खेल चुके हैं। जयदेव उनादकट इस महीने ससेक्स के साथ जुड़ने वाले हैं।

# 27 साल बाद इंग्लैंड की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका का करिश्मा

## टेम्बा बावुमा की टीम ने रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली।** टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम साउथ अफ्रीका ने गुरुवार 4 सितंबर को लंदन के लॉर्ड्स में इतिहास रच दिया। टेम्बा बावुमा पिछले 27 साल के इतिहास में पहले ऐसे साउथ अफ्रीकी कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में जाकर वनडे सीरीज जीती है। करीब तीन दशक का सूखा टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम ने समाप्त किया है। कुछ ही महीने पहले साउथ अफ्रीका की टीम ने टेम्बा बावुमा की कप्तानी में ही आईसीसी ट्रॉफी जीतने का भी सूखा समाप्त किया था, जब इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया की टीम ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में धूल चटाई थी। साउथ अफ्रीका की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त पहले दो मैच जीतकर बना ली है। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 85 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स के बल्ले से भी अर्धशतक आया। इसी के दम पर 330 रनों तक साउथ अफ्रीका की टीम पहुंची और इंग्लैंड की टीम 325 रन बना सकी और मैच 5 रनों के अंतर से हार गई। इस मुकाबले को जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज भी जीत ली, क्योंकि पहला मैच भी साउथ अफ्रीका ने ही जीता था। साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड में आखिरी बार 1998 में एकदिवसीय सीरीज जीती थी, जब उन्होंने एडम हॉलिओके की टीम को 2-1 से हराया था। उस समय साउथ अफ्रीका की टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्जे थे। इस मौजूदा जीत से पहले वे 2008, 2012, 2017 और 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीत नहीं पाए हैं। साउथ अफ्रीका ने 1994 में टेक्साको ट्रॉफी हारी, 1998 में जीती, 2008 की नेटवेस्ट सीरीज में हार झेली, 2012 की नेटवेस्ट सीरीज ड्रॉ रही, 2017 में फिर से साउथ अफ्रीका को हार मिली। 2022 में सीरीज ड्रॉ रही और अब 2025 की सीरीज जीत ली है।




# 6 साल पहले चैंपियन बनी इंग्लैंड का वनडे में बुरा हाल

## 2023 विश्व कप के बाद से गंवाई 5वीं सीरीज

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में 5 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंग्लैंड का द्विपक्षीय सीरीज हारने का सिलसिला अब भी खत्म नहीं हुआ। 2023 वनडे विश्व कप के बाद से इंग्लैंड ने 6 द्विपक्षीय सीरीज खेले हैं और सिर्फ एक जीत सकी है। इंग्लैंड ने जून में वेस्टइंडीज को तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से रौंदा था लेकिन उसके बाद एक बार फिर इंग्लैंड की टीम ने लय खो दी और सीरीज गंवा दी है। साउथ अफ्रीका ने जारी सीरीज का पहला मैच 7 विकेट से जीता था। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने 2019 में वनडे विश्व कप का खिताब जीता था। उसके बाद से टीम ने अगले वनडे विश्वकप (2023) तक कुल सात वनडे सीरीज जीती लेकिन पिछले वनडे विश्व कप के बाद से इंग्लैंड का वनडे में प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। टीम ने 6 द्विपक्षीय सीरीज खेली है और सिर्फ एक में जीत हासिल कर सकी है। इंग्लैंड को वेस्टइंडीज से 2 और भारत से एक बार हार का सामना करना पड़ा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने उसे एक बार धोया है और अब दक्षिण अफ्रीका ने भी उसे धूल चटाई है। इंग्लैंड की टीम ने 22 वनडे मैच खेलते हुए सिर्फ सात मैच जीते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम ने दो मैच जीते हैं। इसके दौरान उनकी जीत का प्रतिशत 31.8 रहा है। विश्व कप 2023 के बाद से फुल मेंबर टीमों में केवल बांग्लादेश और जिम्बाब्वे का जीत प्रतिशत इंग्लैंड से कम है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड का प्रदर्शन बेहद खराब है।

# महिला वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया स्क्वाड का ऐलान

## मिचेल स्टार्क की पत्नी होंगी टीम की कप्तान

**नई दिल्ली।** महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 का आगाज 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाला है। इसके लिए अब डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने दल की घोषणा कर दी है। बता दें कि स्टार गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हेली वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करती हुई नजर आएंगी। ऑस्ट्रेलिया का स्क्वाड काफी ज्यादा गजब का नजर आ रहा है। वे अपने टाइटल को डिफेंड करने के लिए उतरेंगी। 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने महिला वर्ल्ड कप जीता था, उस वर्ल्ड कप टीम के 15 में से 10 खिलाड़ी इस बार भी स्क्वाड में शामिल हैं। एलिसा हेली, एलिस पेरी, बेथ मूनी जैसे सभी स्टार खिलाड़ी इस बार भी वर्ल्ड कप में नजर आने वाले हैं। इसमें कोई दोहराय नहीं कि ऑस्ट्रेलिया इस बार भी वर्ल्ड कप जीतने के लिए फेवरेट मानी जा रही है।

क्रिकट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर शॉन फेग्लर ने कहा, 'भारत में वर्ल्ड कप खेलना सबसे बड़ा असाइंमेंट होता है। लेकिन, हम अपनी टीम पर इस बड़े चैलेंज के लिए भरोसा करते हैं। जो अनुभव इस स्क्वाड ने पिछले कुछ सब कॉन्टिनेंट के दौरे और महिला प्रीमियर लीग खेलकर हासिल किया है, उससे मुश्किल भारतीय कंडीशंस को समझने में आसानी होगी।'

**महिला वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का शेड्यूल**

ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने वर्ल्ड कप के अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 1 अक्टूबर को मैच खेलकर करेगी। इसके बाद 4 अक्टूबर को उनका मैच श्रीलंका से होगा। फिर 8 अक्टूबर को वे पाकिस्तान से भिड़ेंगे। इसके बाद 12 अक्टूबर को उनका मैच भारत के साथ होना है। 16 अक्टूबर को महिला वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश से भिड़ेगी। फिर 22 अक्टूबर को इंग्लैंड तो 25 अक्टूबर साउथ अफ्रीका से ऑस्ट्रेलिया का सामना होगा।

**वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम**

ऑस्ट्रेलिया- एलिसा हेली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वारहैम।



# 100-100 रुपये में मिल रहे वर्ल्ड कप के टिकट

## ये है इतिहास का ICC का सबसे सस्ता ग्लोबल टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** Women's Cricket World Cup 2025 के लिए गुरुवार 4 सितंबर को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने टिकटों की बिक्री शुरू कर दी है। आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि वुमेंस वर्ल्ड कप आईसीसी का सबसे सस्ता ग्लोबल इवेंट बन गया है, क्योंकि वर्ल्ड कप के मैचों की टिकट की कीमत 100 रुपये (1.14 US डॉलर) से शुरू होती है। आईसीसी तमाम ग्लोबल इवेंट्स मेंस और वुमेंस कैटेगरी में कराती है, लेकिन इतनी कम कीमत किसी भी इवेंट्स के टिकटों की नहीं रही। 4 सितंबर से प्री-सेल 4 दिन के लिए शुरू की है, जो रिकॉर्ड लो प्राइस पर है। 2022 में ICC महिला क्रिकेट विश्व कप खेला गया था, जो न्यूजीलैंड में आयोजित हुआ था। पिछले संस्करण के लिए बच्चों के टिकटों की प्राइस 7 न्यूजीलैंड डॉलर यानी करीब साढ़े 350 रुपये या 4.45 यूएस डॉलर थी, जबकि वयस्कों के लिए सबसे कम टिकट 17 NZD थी, जो 850 रुपये या 10 यूएस डॉलर के बराबर है, जो वर्तमान विश्व कप टिकट की कीमत से साढ़े आठ गुना ज्यादा है। बता दें कि भारत और श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। 30 सितंबर को गुवाहाटी में वुमेंस वर्ल्ड कप का उद्घाटन मैच खेला जाएगा और इससे करीब चार सप्ताह पहले टिकटों की बिक्री आईसीसी की ओर से शुरू कर दी गई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें, महिला क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीम शामिल है। सभी टीमें राउंड रोबिन फॉर्मेट में मुकाबला खेलेंगी। हर टीम को बाकी सात टीमों से एक-एक मैच में भिड़ना होगा। पॉइंट्स टेबल में टॉप की चार टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी और फिर सीधे फाइनल होगा, जो 2 नवंबर को आयोजित होगा।



# घर में पधारे गजानन जी...



साकीनाका का "गोड गणपति" इस वर्ष 36 फुट ऊँचे भव्य रूप में



तानाजी नगर मालाड ईस्ट में विजय रामेश्वर ढोके परिवार के घर में विराजमान गणपति बाप्पा की आकर्षक मूर्ति



विवेक सिंह एवं परिवार के घर पधारे गणपति बप्पा महलक्ष्मी सोसाईटी, पी बी वर्ली, मुंबई



ठाकुर विलेज कांदिवली में प्रगति विकास नागपुरे के घर में विराजमान गणपति बाप्पा की मनमोहक मूर्ति



# शाह रुख खान का 'King' लुक हुआ लीक

## एक्टर को इस अवतार में देख क्रेजी हुए फैंस

शाह रुख खान और सुहाना बहुत जल्द फिल्म किंग में स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। इस मूवी को सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है और ये हाई ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली है। फिल्म की कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है लेकिन छोटी-मोटी जानकारी और कास्ट के बारे में मिले इनपुट के बाद से फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं।

### रेडिट पर वायरल हो रहा लुक

अब मूवी से शाह रुख का रेडिट पर एक लुक वायरल हो रहा है। एक रेडिट यूजर ने एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें भूरे बालों वाला एक आदमी मैकडॉनल्ड्स से बाहर निकल रहा है। तस्वीर को बहुत ज्यादा जूम इन किया गया है लेकिन पहचान में आ रहा है कि वो व्यक्ति शाह रुख ही है। रेडिट यूजर का दावा है कि ये तस्वीर शाह रुख के किंग लुक की है। तस्वीर में शूटिंग में शामिल एक अंतरराष्ट्रीय क्रू भी दिखाई दे रहा है, जिससे अटकलों को बल मिला है।

### कौन-कौन से स्टार्स आएंगे नजर?

फिल्म की कहानी को लेकर कोई खास जानकारी नहीं है लेकिन फिर भी ये अपनी स्टार कास्ट और नेक्स्ट लेवल एक्शन को लेकर चर्चा में है। शाह रुख का रेड चिलीज एंटरटेनमेंट इस प्रोड्यूस कर रहा है। वहीं सुहाना इस फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनके अलावा मूवी में अभिषेक बच्चन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, रानी मुखर्जी, जैकी श्रॉफ और अरशद वारसी भी शामिल हैं।



# आलिया भट्ट ने जाहिर की कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं।

### ऐसी कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं, जिसे बेटी राहा देख सके

ग्राजिया (Grazia) मैगजीन से की गई बातचीत में आलिया भट्ट ने अपने फ्यूचर फिल्म प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। आलिया चाहती हैं कि वह ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे।' आलिया भट्ट आगे कहती हैं, 'कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं।'

### इस साल एक्शन फिल्म में नजर आएंगी आलिया

आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, इसमें आलिया एक स्पाई का रोल करती दिखेंगी। इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर आलिया इन दिनों काफी मेहनत कर रही हैं।

# अक्षय के बाद अब आलिया भट्ट ने की 'लोका' की तारीफ

हालिया मलयालम फिल्म 'लोका: चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से सराहा जा रहा है। यही नहीं धीरे-धीरे अब सेलेब्स भी इस फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी 'लोका' की तारीफ की है।

आलिया ने 'लोका' की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। इस स्टोरी में आलिया ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'पौराणिक लोककथाओं और रहस्य का शानदार ताजा मिश्रण है 'लोका'। फिल्म को मिल रहे प्यार को देखकर काफी खुश हूं। मैं हमेशा से ऐसी फिल्मों और सिनेमा की तारीफ करने और उनका समर्थन करने को बेकरार रहती हूं।' आलिया ने फिल्म की कास्ट और क्रू को मेंशन करते हुए फिल्म के अब हिंदी में भी उपलब्ध होने पर खुशी जताई है। आलिया से पहले अभिनेता अक्षय कुमार ने भी 'लोका' का समर्थन करते हुए फिल्म की मुख्य अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की तारीफ की थी। अक्षय ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म की तारीफ करते हुए एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में अक्षय ने लिखा, 'प्रतिभा तो परिवार में ही होती है, सुना था, अब देख भी लिया। प्रियदर्शन सर की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन के शानदार अभिनय के बारे में बहुत अच्छी बातें सुनने को मिल रही हैं। उन्हें और लोका की पूरी टीम को उनके हिंदी संस्करण के रिलीज होने पर मेरी शुभकामनाएं।'' 'लोका: चैप्टर 1' एक सुपर नेचुरल एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। डोमिनिक अरुण द्वारा निर्देशित 'लोका' में कल्याणी प्रियदर्शन प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं।



# 51 की उम्र में भी कहर ढा रहीं उर्मिला मातोंडकर

आजकल अपनी फिटनेस को लेकर सुर्खियां बटोर रहीं एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर अब उम्र के 50 साल पूरे कर चुकी हैं. लेकिन एक्ट्रेस को देखकर बिल्कुल नहीं लगता कि उनकी इतनी उम्र है. अब फिल्मी दुनिया से दूर उर्मिला इवेंट वगैरा में ही नजर आती हैं और हमेशा अपने स्टाइल से हर किसी का दिल चुरा लेती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल हैंडल पर कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर की, जो लोगों को काफी पसंद आ रही हैं. तस्वीरों में 51 साल की उर्मिला बहुत ही खूबसूरत और यंग लग रही हैं.

हाल ही एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी कुछ हसीन तस्वीरें शेयर की हैं. हर एक तस्वीर में एक्ट्रेस किलर पोज देते नजर आ रही हैं. मिनी स्कर्ट पहने उमरीला काफी यंग और बोल्ड नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की अच्छी पकड़ हैं. यहां उनके 1 मिलियन फॉलोवर्स हैं. फैंस उर्मिला पर जमकर प्यार लुटाते हैं. इन तस्वीरों को देखकर लोग उनकी खूब सराहना कर रहे हैं. 51 की उम्र में भी उर्मिला काफी फिट और यंग नजर आ रही हैं.

उर्मिला मातोंडकर के प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस फिल्मों के साथ ही एक्ट्रेस राजनीती ने सक्रीय रह चुकी हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक चाइल्ड आर्टिस्ट से की थी. इस फिल्म का नाम 'कर्म' था, जो साल 1977 में आई थी. बतौर लीड एक्ट्रेस उर्मिला 'नरसिम्हा' फिल्म में दिखीं. इसके बाद साल 1995 में आमिर खान और जैकी श्रॉफ संग आई फिल्म 'रंगीला' ने उन्हें घर-घर फेमस कर दिया. वहीं पिछले कई सालों से उर्मिला फिल्मी दुनिया से दूर नजर आ रही हैं.



# मलाइका ने बेचा मुंबई के पॉश इलाके में बना अपना अपार्टमेंट

## 2.04 करोड़ रुपए का हुआ फायदा

बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल मलाइका अरोड़ा ने मुंबई के अंधेरी पश्चिम में स्थित अपना एक अपार्टमेंट बेंच दिया है। स्क्वायर याड्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने 5.30 करोड़ रुपये में अपना लग्जरी आवासीय अपार्टमेंट बेचा है। जानकारी के मुताबिक, यह लेनदेन पिछले महीने अगस्त में पंजीकृत किया गया था।

### 2018 में खरीदा था अपार्टमेंट

स्क्वायर याड्र्स द्वारा समीक्षा किए गए आईजीआर दस्तावेजों के अनुसार, यह संपत्ति अंधेरी पश्चिम में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के रनवाल एलिगेंट में स्थित है। मलाइका अरोड़ा द्वारा बेचे गए इस अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 1,369 वर्ग फुट है और निर्मित क्षेत्रफल 1,643 वर्ग फुट है। इस लेन-देन में एक कार पार्किंग स्पेस भी शामिल है। इस सौदे में 31.08 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क लगा। मलाइका ने इसे मार्च 2018 में 3.26 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिससे इसकी कीमत में लगभग 2.04 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### मुंबई का पॉश इलाका है अंधेरी पश्चिमी

अंधेरी पश्चिम में एक प्रमुख आवासीय एरिया है। इस इलाके में कई लग्जरी आवास और सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह इलाका वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, एसवी रोड, उपनगरीय रेल और वर्सोवा-घाटकोपर मेट्रो कॉरिडोर के माध्यम से बेहद कनेक्टिविटी वाला है।

अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' ने अपने रिलीज से तहलका मचा दिया. कई बड़ी-बड़ी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर पैसे छापे. महीनेभर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छाई रही और ताबड़तोड़ कमाई की. वर्ल्डवाइड फिल्म ने 550 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है. साथ ही फिल्म ने कई बड़े-बड़े सुपरस्टार्स की फिल्मों को भी पछाड़ दिया है.



# बॉक्स ऑफिस पर बुलेट ट्रेन की तरह दौड़ी 'सैयारा'

## टोटल कमाई जान हिल जाएगा दिमाग

कलेक्शन के मामले में पहले दिन से ही फिल्म रिकॉर्ड बना रही है. 7 हफ्तों में घरेलु बॉक्स ऑफिस पर सैयारा ने ताबड़तोड़ 329.25 करोड़ नेट की कमाई की और सलमान खान की 'सुल्तान' (300 करोड़ करोड़), संजय लीला भंसाली की 'पद्मावत' (302 करोड़ रुपये) और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' (260 करोड़) जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है. भारत के साथ ही बाकि देशों में भी फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला. बिना किसी बड़े चेहरे के 'सैयारा' ने विदेशों में 19.5 मिलियन डॉलर (लगभग 162 करोड़) की कमाई की. लीड स्टार अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी लोगों को काफी पसंद आई है.

# धोखाधड़ी मामले में बढ़ीं शिल्पा और राज की मुश्किलें

## मुंबई पुलिस ने जारी किया लुक आउट नोटिस

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मुंबई पुलिस ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अब अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया।

### क्राइम ब्रांच ने जारी किया सर्कुलर

मामले में अधिक जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने यह लुक आउट सर्कुलर जारी किया है, क्योंकि यह दंपति अक्सर अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करता रहता है। उन्होंने बताया कि अदाकारा और उनके पति के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू पुलिस स्टेशन में एक कारोबारी से लोन कम निवेश सौदे में लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था।

### इसलिए जारी होता है लुक आउट सर्कुलर

लुकआउट सर्कुलर एक ऐसी व्यवस्था है जिसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति को देश छोड़ने से रोकने या उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है, आमतौर पर एमीग्रेशन और सीमा नियंत्रण चौकियों को अलर्ट जारी करके।



### जानिए क्या है पूरा मामला

शिल्पा और कुंद्रा पर पिछले दिनों मुंबई के एक कारोबारी दीपक कोठारी ने 60.4 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप लगाया था। आरोप था कि रकम 2015 से 2023 के बीच निवेश और लोन के रूप में दी गई थी, लेकिन बाद में कथित तौर पर इसे व्यक्तिगत खर्चों में इस्तेमाल किया गया। हालांकि, शिल्पा और राज के वकील ने इन आरोपों को निराधार और दुर्भावनापूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि इस मामले का निपटारा पहले ही हो गया था।